बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 182 | शनिवार, 21 अक्टूबर 2023, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

गाजियाबाद में मात्र रू0 6.5 लाख (छः लाख पचास हजार) में मकान खरीदने हेतु सम्पर्क करें

मो0 9868944025

लोन सुविधा उपलब्ध है

## कैंसर और शुगर के मरीजों को मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत, दिल्ली एम्स अब और 63 दवाएं देगा मुफ्त



**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार दिल्ली एम्स में इलाज करा रहे कैंसर और डायबिटीज सहित कई दूसरी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत देने जा रही है। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने मुफ्त दवाओं की सूची में 63 दवाओं को और जोड़ा है। इन नई दवाओं के जुड़ने से एम्स फॉर्मेसी में मुफ्त मिलने वाली दवाओं की सूची अब बढ़कर 359 हो गई है। एम्स निदेशक प्रोफेसर एम. श्रीनिवास ने कहा कि इस फैसले से एम्स में इलाज के लिए आने वाले गरीब मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। एम्स मीडिया सेल प्रमुख डॉ. रीमा दादा ने बताया कि मरीजों को मुफ्त दवा अमृत फार्मेसी में उपलब्ध होंगी।

**मरीज के साथ एक ही तीमारदार रहेगा**-वहीं, एम्स दिल्ली में एक मरीज के साथ एक ही तीमारदार को साथ रहने की अनुमति दी गई है। चाहे वह एम्स ओपीडी में इलाज के लिए और लैब में जांच के लिए आया हो या एम्स वार्ड में भर्ती हो। इसके अलावा एम्स के दूसरे परिसर में भी यह नियम लागू होगा। एम्स ने भीड़ को कम करने और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यह कदम उठाया है। इसको लेकर एम्स ने सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में एक मरीज के साथ एक तीमारदार को रहने की अनुमति की सलाह दी गई है। परिजन यहां भर्ती मरीज से शाम चार बजे से लेकर शाम छह बजे तक मिल सकेंगे।

**एम्स में सीएमआइई की शुरुआत**-एम्स ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को मेडिकल इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर की शुरुआत की है। सेंटर का एम्स निदेशक प्रोफेसर एम श्रीनिवास ने शुभारंभ किया। साथ ही सीएमआइई पोर्टल भी जारी किया गया। इसकी मदद से चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ नवाचार के लिए एम्स से जुड़ सकेंगे।

# महुआ मोइत्रा को क्यों नहीं मिल रही दीदी की ममता, टीएमसी भी चुप

**कोलकाता।** रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों में घिरीं महुआ मोइत्रा को लेकर उनकी ही पार्टी तृणमूल कांग्रेस का अब तक कोई बयान नहीं आया है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अब तक कुछ नहीं कहा है और पार्टी का कोई अन्य नेता भी महुआ के बचाव में नहीं उतरा है। महुआ मोइत्रा पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर संसद में अडानी ग्रुप को लेकर सवाल पूछे थे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस संबंध में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिकायत की थी। अब इस शिकायत को एथिक्स कमेटी में भेज दिया गया है।

चर्चा यहां तक है कि यदि आरोप सही पाए गए तो फिर महुआ मोइत्रा की सदस्यता भी जा सकती है, लेकिन टीएमसी की ओर से किसी का बयान न आना भी हैरान कर रहा है। हिन्दुस्तान टाइम्स की ओर से संपर्क किए जाने पर टीएमसी के दो सीनियर नेताओं ने कुछ भी कहने से इनकार कर



दिया। टीएमसी के ही एक सांसद ने कहा, पार्टी ने इस मामले में कुछ भी न बोलने का फैसला लिया है। एक अन्य नेता ने कहा कि पार्टी इस मामले में कुछ नहीं कहेगी। महुआ मोइत्रा खुद ही इस मामले में बयान जारी कर चुकी हैं।

**कैश के बदले सवाल पूछने के आरोपों में घिरीं महुआ को लेकर टीएमसी और ममता बनर्जी चुप हैं। इस बारे में बात करने पर टीएमसी के नेताओं ने कहा कि पार्टी कुछ कहना नहीं चाहती। काली विवाद में भी ऐसा हुआ था।**

बता दें कि दर्शन हीरानंदानी की ओर से यह मान लिया गया है कि उन्होंने महुआ मोइत्रा को सवाल पूछने के एवज में कुछ रकम दी थी। इस पर महुआ मोइत्रा का कहना है कि हीरानंदानी से बंदूक की नोक पर बयान लिखवाया गया है। टीएमसी और ममता बनर्जी की ओर से दूरी बनाने को लोग महुआ मोइत्रा के साथ बिगड़े समीकरणों के तौर पर भी देख रहे हैं। इससे पहले देवी काली को लेकर महुआ मोइत्रा ने कुछ महीने पहले आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिस पर भाजपा भड़क गई थी। महुआ के खिलाफ कई जगहों पर केस भी दर्ज कराए गए थे।

**काली विवाद पर भी बना ली थी दूरी, पार्टी को अनफॉलो कर चुकी हैं महुआ**

उस मामले से भी टीएमसी ने पल्ला झाड़ लिया था और महुआ के बयान को उनकी निजी राय बताया था। पार्टी ने कहा था, देवी काली पर महुआ का बयान उनका निजी है। इसका पार्टी से किसी भी तरह से कोई लेना-देना नहीं है। यही नहीं महुआ मोइत्रा ने बाद में सोशल मीडिया पर पार्टी को अनफॉलो तक कर दिया था। संसद में अपने तीखे भाषणों के लिए चर्चित रहीं महुआ मोइत्रा अकसर विवादों को भी जन्म देती रही हैं। खुद सीएम ममता बनर्जी ने उन्हें भरे मंच पर नसीहत दी थी कि वह अपने लोकसभा क्षेत्र पर ही फोकस करें। पार्टी में गुटबाजी और महुआ मोइत्रा के दूसरे क्षेत्रों में दखल को लेकर ममता बनर्जी ने यह नसीहत दी थी।

## कॉलेजियम की मंजूरी के बाद दिल्ली हाईकोर्ट को मिले 2 नए जज

### 16 पद अभी भी खाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट को दो नए जज मिले हैं। इसके साथ ही यहां न्यायाधीशों की कुल संख्या 42 से बढ़कर 44 हो गई है। हालंकि, 16 पद अभी भी खाली है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायिक अधिकारी शैलेंदर कौर और रविंदर डुडेजा को उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। आपको बता दें कि इन दोनों जजों का शपथ ग्रहण समारोह उस दिन हुआ जब सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों को लागू करने में केंद्र सरकार द्वारा की जा रही अत्यधिक देरी के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करने वाला है। एडवोकेट एसोसिएशन, बेंगलुरु द्वारा यह याचिका दायर की गई है। इससे पहले 10 अक्टूबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में उनके नामों की सिफारिश की थी। उनके नामों पर सरकार ने मंजूरी दे दी है। जस्टिस कौर 30 सितंबर 2023 को दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा से रिटायर हो गई थीं, लेकिन कॉलेजियम ने उनके ट्रैक रिकॉर्ड, उनकी योग्यता और ईमानदारी को ध्यान में रखते हुए उनके नाम की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा, न्यायिक अधिकारी के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। उनके पास




योग्यता और ईमानदारी दोनों है। कॉलेजियम का विचार है कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं। केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर को एक अधिसूचना में उनके नामों को मंजूरी दे दी थी। इसके अवाला सरकार ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में 16 न्यायाधीशों और 15 नए न्यायाधीशों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की सूचना भी जारी की थी।

## इजरायल पर हमास के हमले के बाद भारत भी सतर्क, आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति

**नई दिल्ली।** कुछ साल पहले तक यह चर्चा जोरों पर थी कि हमें अपनी सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए इजरायल की तरह कदम उठाना चाहिए। लेकिन इजरायल पर हमास के हमले के बाद चर्चा का बिंदु पूरी तरह से बदल गया है। अब इजरायल से सीख लेने की बात बिलकुल अलग संदर्भ में हो रही है। इजरायल की घटना से सबक लेकर सुरक्षा एजेंसियां, केंद्रीय सशस्त्र बल और राज्यों के विशेष बल को एंटी टेरर रणनीति के लिए खासतौर पर तैयार करने की बात की जा रही है। पिछले दिनों एक सुरक्षा संबंधी बैठक में आतंक रोधी केंद्रीय एजेंसियों की ओर से इस बात की पुरजोर वकालत की गई है कि चरम आतंकी हमलों के जवाब के लिए राष्ट्रीय स्तर पर फ्रेमवर्क बनना चाहिए। यह भी कहा गया है कि राज्य के विशेष बल और आतंक रोधी केंद्रीय बल मिलकर तकनीकी प्रयोग के साथ आतंक रोधी जमीनी अभ्यास बढ़ाएंगे। इजरायल पर हमास के ताजा हमले का उल्लेख करते हुए एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, हमें चरम आतंकवादी स्थितियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संकट प्रबंधन और प्रतिक्रिया की



एक रूपरेखा बनाने की आवश्यकता है। अधिकारी ने कहा, अकेले प्रौद्योगिकी पर निर्भरता के स्थान पर तकनीकी प्रौद्योगिकी के साथ उच्च प्रशिक्षित बलों द्वारा निगरानी के साथ सीमा के अंदर भी त्वरित प्रतिक्रिया की खास तैयारी जरूरी है। खुफिया समन्वय और हर सूचना का बारीकी से विश्लेषण होना भी जरूरी है। इस दिशा में लगातार प्रयास हो भी रहा है।

**विशेष प्रशिक्षण पर फोकस**-अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय और राज्य स्तर पर सभी सुरक्षा एजेंसियों को अपने कर्मियों के कौशल उन्नयन में लगातार निवेश करने की आवश्यकता है, जो आतंकवादी प्रतिक्रिया तंत्र में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। बैठकों में हुई चर्चा में कहा गया है कि तकनीकी के साथ अत्याधुनिक उपकरण और हथियार और इसे संचालित करने वाला प्रशिक्षित बल इनका मिश्रण ही आतंक को सटीक और स्पष्ट जवाब देने में सक्षम हो सकता है।

**सीमा पर चुनौतियां अधिक**

एक अधिकारी ने कहा,भारत की सीमा पांच देशों से लगी है। सीमाओं की लंबाई बहुत ज्यादा है। इजरायल की तरह छोटी सीमा नहीं है। हमारे यहां 20 हजार फुट की ऊंचाई से लेकर घने जंगलों, नदी-नाले, समुद्र और रेगिस्तानी इलाकों में सीमाएं हैं। हमारी चुनौती कई मामलों में ज्यादा और अलग है। कई इलाके ऐसे हैं जहां बाड़ लगाना संभव नहीं है। फिर भी मल्टी लेयर सुरक्षा सिस्टम से सीमा पर निगरानी और घुसपैठ के बाद त्वरित कार्रवाई के लिए मजबूत व्यवस्था है। भारत में पाकिस्तान सीमा पर, पीओके की तरफ से, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सीमा पर साथ ही म्यांमार की तरफ से ड्रोन के जरिये हथियारों और ड्रग्स की तस्करी होती रहती है।

## प्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनावी मैदान में हैं कांग्रेस प्रत्याशी : कमलनाथ



**पार्टी प्रत्याशी प्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने चुनाव के लिए अपने 88 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रत्याशी सिर्फ विधायक बनने के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं,**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी प्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं।

श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने चुनाव के लिए अपने 88 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रत्याशी सिर्फ विधायक बनने के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं, बल्कि मध्यप्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनाव के मैदान में उतरे हैं।

उन्होंने प्रत्याशियों का आह्वान किया कि सभी प्राणपण से अपने कर्तव्य में जुट जाएं और प्रदेश से 18 साल के %कुशासन% का अंत करने के लिए कमर कस लें। प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएं।

# दिल्ली में मजदूरों और कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मजूदरों और कर्मचारियों को सौगात देते हुए उनके न्यूनतम मासिक वेतन में बढ़ोतरी की है. इसमें गैर मैट्रिक, मैट्रिक और स्नातक कर्मचारी शामिल हैं. नया वेतनमान एक अक्टूबर से प्रभावी माना जाएगा.

दिल्ली सरकार द्वारा बढ़ाई गई न्यूनतम वेतन की नई दर के अनुसार अब कुशल श्रमिकों के मासिक वेतन को 20,903 रुपये से बढ़ाकर 21,215 रुपये करते हुए 816 रुपये की बढ़ोतरी की है. अर्ध कुशल श्रमिकों के मासिक वेतन को 18,993 रुपये से बढ़ाकर 19,279 रुपये कर 742 रुपए की बढ़ोतरी की है. वहीं अकुशल मजदूरों के मासिक वेतन में 17,234 रुपये से बढ़ाकर 17,494 रुपये करते हुए 673 रुपये की बढ़ोतरी हुई है.



महंगाई की मार झेल रहे दिल्ली के मजदूरों और कर्मचारियों को राहत पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार के श्रममंत्री राज कुमार आनंद ने hursday को दिल्ली के अकुशल, अर्ध कुशल और कुशल श्रमिकों का मासिक वेतन बढ़ाने का आदेश जारी किया है. इसका लाभ लिपिक और सुपरवाइजर वर्ग के कर्मचारियों को भी मिलेगा.

श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि Chief Minister अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के गरीब और मजदूर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा कदम उठाया गया है. इससे महंगाई की मार झेल रहे श्रमिक वर्ग को राहत मिलेगी.

**बवाना फैक्टरी में लगी आग**

दिल्ली सरकार की ओर से जारी न्यूनतम वेतन की नई दरों से दिल्ली के सुपरवाइजर और लिपिक वर्ग के कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा. नई दरों के अनुसार अब गैर मैट्रिक कर्मचारियों का मासिक वेतन 18,993 से बढ़ाकर 19,279 रुपये कर दिया गया है, जिससे उनके मासिक वेतन में 742 रुपए की बढ़ोतरी हुई है. इसी प्रकार से मैट्रिक पास का और गैर स्नातक कर्मचारियों का मासिक वेतन 20,903 से बढ़ाकर 21,215 रुपये कर उसमें 816 रुपये की बढ़ोतरी की है. वहीं स्नातक कर्मचारियों और इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले मजदूरों का मासिक वेतन 22,744 से बढ़ाकर 23,082 रुपये कर दिया गया है, इनके मासिक वेतन में सबसे अधिक 888 रुपये की बढ़ोतरी की गई है.

श्रम मंत्री ने साझा किया कि दिल्ली में मजदूरों को मिलने वाला न्यूनतम वेतन देश के अन्य किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है. उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के सभी श्रमिकों को राहत देने के लिए हर 6 महीने में लगातार महंगाई भत्ते को बढ़ाती है.

# आधी रात को जारी हुई कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने देर रात 88 प्रत्याशियों के नामों की दूसरी सूची जारी कर दी। इसके साथ ही अब पार्टी के कुल 230 में से 229 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम सामने आ गए हैं।

कल देर रात लगभग पौने 12 बजे जारी हुई इस सूची में तीन सीटों पर पूर्व में घोषित प्रत्याशी बदल दिए गए हैं। पार्टी को अब एकमात्र बैतूल जिले की आमला सीट पर प्रत्याशी घोषित करना शेष रह गया है।

पार्टी ने इसके पहले 15 अक्टूबर को अपने 144 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। कल जारी सूची में पुरानी सूची के तीन प्रत्याशियों को बदला गया है। दतिया से पार्टी ने अब राजेंद्र भारती को प्रत्याशी घोषित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से प्रदेश के कद्दावर मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने पहले यहां से भाजपा के बागी अवधेश नायक को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन क्षेत्र में कथित विरोध के चलते प्रत्याशी बदला गया है।

वहीं शिवपुरी जिले के पिछोर से शैलेंद्र सिंह के स्थान पर अरविंद सिंह लोधी को और नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव (अजा) से शेखर चौधरी के स्थान पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति को प्रत्याशी घोषित किया गया है। श्री प्रजापति को पहली सूची में स्थान नहीं मिला था, जिसके बाद उनके पार्टी छोड़ने तक की अटकलें सामने आ गई थीं। सूची के अनुसार सुमावली से कुलदीप सिकरवार, मुरैना से दिनेश गुर्जर, दिमनी से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के खिलाफ रविंद्र सिंह तोमर, अंबाह (अजा) से देवेंद्र रामनारायण सखवार और भिंड से पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कल जारी सूची के अनुसार गोहद (अजा) से केशव देसाई, ग्वालियर से सुनील शर्मा, गुना (अजा) से पंकज कनेरिया, बीना (अजा) से श्रीमती निर्मला सप्रे, खुरई से सुश्री रक्षा राजपूत, रहली से श्रीमती ज्योति पटेल, सागर से श्रीमती निधि जैन, निवाड़ी से अमित राय, दमोह से अजय टंडन, पन्ना से भरत मिलन पांडे, मैहर से धर्मेश घई, रामपुर बघेलान से रमाशंकर पयासी और सिरमौर से रामगरीब कौल को उम्मीदवार बनाया गया है।

सेमरिया से अभय मिश्रा, देवतालाब से पद्मेश गौतम, रीवा से राजेंद्र शर्मा, सीधी से ज्ञान सिंह, देवसर (अजा) से बंशमणि प्रसाद वर्मा, धौहनी (अजजा) से श्रीमती कमलेश सिंह, ब्यौहारी (अजजा) से रामलखन सिंह, जयसिंहनगर (अजजा) से नरेंद्र मरावी, कोतमा से सुनील सराफ, बांधवगढ़ (अजजा) से सुश्री सावित्री सिंह, मानपुर (अजजा) से तिलक राज सिंह, विजयराघवगढ़ से नीरज बघेल और मुडवारा से मिथिलेश जैन को पार्टी ने टिकट दिया है।

बहोरीबंद से सौरभ सिंह, जबलपुर कैंट से अभिषेक चौकसे, पनागर से राजेश पटेल, निवास (अजजा) से चैन सिंह वरकड़े, मंडला (अजजा) से डॉ अशोक मर्सकोले, वारासिवनी से विकी पटेल, गाडरवारा से श्रीमती सुनीता पटेल, जुन्नारदेव (अजजा) से सुनील उइके, अमरवाड़ा (अजजा) से कमलेश शाह, चुरई से सुरजीत मेड़ सिंह, सौंसर से विजय चौरे, परासिया (अजा) सोहन वाल्मीकि, पांढुर्णा (अजजा) से नीलेश उइके, सिवनीमालवा से अजय बलराम पटेल और होशंगाबाद से गिरिजाशंकर शर्मा को चुनावी रण में उतारने का निर्णय लिया गया है।

सोहागपुर से पुष्पराज सिंह, पिपरिया (अजा) से गुरुचरण खरे, भोजपुर से राजकुमार पटेल, सांची (अजा) से डॉ जी सी गौतम, कुरवाई (अजा) से श्रीमती रानी अहिरवार, सिरोंज से गगनेंद्र रघुवंशी, भोपाल उत्तर से आतिफ अकील, भोपाल दक्षिण पश्चिम से पी सी शर्मा, गोविंदपुरा से रवींद्र साहू, हुजूर से नरेश ज्ञानचंदानी, इछावर से शैलेंद्र पटेल और नरसिंहगढ़ से गिरीश भंडारी को टिकट दिया गया है।

ब्यावरा से पुरुषोत्तम दांगी, सारंगपुर (अजा) से श्रीमती कला महेश मालवीय, शुजालपुर से रामवीर सिंह सिकरवार, देवा से प्रदीप चौधरी, खांतेगांव से दीपक जोशी, बागली (अजजा) से गोपाल भोंसले, हरसूद (अजजा) से सुखराम साल्वे, खंडवा (अजा) से कुंदन मालवीय, नेपानगर (अजजा) से श्रीमती गेंदूबाई चौहान, बुरहानपुर से सुरेंद्र सिंह शेरा, सेंधवा (अजजा) मोंटू सोलंकी, पानसेमल (अजजा) से चंद्रभाग किराड़े, मनावर (अजजा) डॉ हीरालाल अलावा, धार से श्रीमती प्रभा गौतम और बदनावर से भंवर सिंह शेखावत प्रत्याशी होंगे। इंदौर तीन से दीपक पिंटू जोशी, इंदौर पांच से सत्यनारायण पटेल, डॉ अंबेडकरनगर (महू) से रामकिशोर शुक्ला, उज्जैन दक्षिण से चेतन प्रेमनारायण यादव, बदनावर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, रतलाम ग्रामीण (अजजा) लक्ष्मण डिंडोरे, रतलाम (शहर) से पारस सखलेचा, जावरा से हिम्मत श्रीमल।

# स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं ?


नरेन्द्र भारती

आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर - सत्कार करना चाहिए। ।भगवान के पास हर चीज का लेखा -जोखा है मानव सेवा ही नारायण सेवा है ।यह अटल सत्य है।भगवान व शमशान को हर रोज याद करना चाहिए ।किसी को दुखी नहीं करना चाहिए । अल्लाह की लाठी जब पडती है तो उसकी आवाज नहीं होती । ईश्वर इस धरा के कण -कण में विद्यमान है ।मानव जीवन एक बार ही मिलता है मानव को ऐसे कार्य करने चाहिए कि जीवन यादगार बन जाए लोग जीवन से प्रेरणा ले। धन-दौलत,महल व आलीशान मकान सब यही धरा रह जाएगा। बुरा करोगे तो सजा जरुर मिलेगी। यह अटल सत्य है।

स्वाभिमान व चरित्र से बड़ा कोई आभूषण नहीं है अगर आपका चरित्र बेदाग है तो आप दुनिया के महान आदमी है अपनी महानता से आप जग को जीत सकते है। अपने स्वाभिमान का आस्तित्व बनाए रखें हर इन्सान का स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए ।बंद कमरे में आंसू बहा लो मन हल्का हो जाएगा। अपने स्वभिमान को मरने न दो रुखी-सूखी रोटी खा लेनी चाहिए। नमक से रोटी खाओ मगर किसी के आगे हाथ मत फैलाओ अगर एक बार हाथ फैला दिया तो सारी उम्र उनके कर्जदार हो जाओगें आज लोग ऐसे लोगों के पैर छूते है जिनके वे काबिल नहीं है चरित्रहीन लोगों के पांव छूने से परहेज करें।आज कुछ लोग अपना अतीत भूल चुके है मगर अतीत की परछाईयां मरते दम तक साथ रहती है ।गरीब आदमी की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए क्योकि गरीब आदमी हमेशा याद रखता है कि बुरे समय में मेरी किसने सहायता की और किसने नहीं,किसने गरीबी का मजाक उडाय़ा और किसने मजबूरी मे साथ दिया ।गरीब आदमी विश्वासघात नहीं करता जबकि अमीर लोग नमक हराम होता है।अमीर आदमी तो यूज ऐंड थ्रो करता है।आज लोगों को अयाशीयां करने के लिए समय है मगर एक गरीब के लिए समय नहीं हैं ।चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते है दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते है। अहंकार में अंधे हुए यह लोग दूसरों को हर समय दबाने की फिराक में रहते है ।जान-पहचान तो बड़े लोगों से है मगर किसी का अच्छा तक नहीं करवा सकते ।समय= पर इन लोगों को सजा मिलती रहती है मगर अंहकार नहीं टूटता। रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई कहावत इन पर सटीक बैठती है।आज बुरे कर्मों के लिए समय है । आज लोग चरित्रहीन का साथ देते है जबकि एक ईमानदार को दरकिनार करते है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके



होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी ।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए है जर,जोरु,जमीन ही सर्वोपरी हो गया है ।बच्चों के मन में बिष घोला जा रहा है ।जीवन के कुछ अटल सत्य है कि रात के बाद दिन का उजाला जरुर होगा। सुर्य उदय के बाद अस्त होगा ।जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा ।दुनिया में एक सच्चाई सिर्फ मौत ही है बाकि तो लोग झूठ-फरेब के बल पर चल रहे है ।मगर झूठ के पांव नहीं होते सच्चाई की हमेशा जीत होती है ।भाग्य बदलते देर नहीं लगती वक्त एक जैसा नहीं रहता इसलिए कभी किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए ।कभी-कभी खोटे सिक्के भी कोहिनूर के हीरे बन जाते है। आज लोग अपनी मन्नते पुरी होने पर बकरों की बलियां दे रहे है क्या बलियों के बगैर कोई विकल्प नहीं है सादा खाना भी बनाया जा सकता है मगर मानव खुशी में पागल है। आज भले ही कुछ चरित्र हीन व तथाकथित अमीर ब्रांडेड कपडे. पहनते है पर कहते है कफन का कोई ब्रांड नहीं बना चाहे अमीर हो राजा हो सबको सफेद कफन ही नसीब होगा। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता अगर हथा लकड़ी का न हो।आज लोगों को लुटा जा रहा है,सताया जा रहा है गरीबों की बद्दुआ से लोहा भी भस्म हो जाता है इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए ।मानव को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए ।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है ।कहते अपने ही काम आते है है ।पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए ।ताकि विपत्तीयो का अहसास होता रहे ।आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते है बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे है जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा के मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है ।आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो मगर शराब न पिलाए तो कहते है कदर ही नहीं हुई ।गरीबों का मजाक उड़ाया जाता है ।गरीबों रिश्तेदारों के घर जाना अपनी तौहीन समझते है ।अमीरी गरीबी का पता नहीं चलता राजा से रंक बनने में जरा देर नहीं लगती ।खुदा की मार पड़ती है तो अर्श से फर्श में पहुंच जाते है ।कुछ लोग इतने चतुर बनने की कोशिश करते है कि दोहरा चरित्र अपनाते है ।ऐसे लोग ज्यादा दिन तक नहीं चल सकते क्योकि अति हर चीज की बुरी होती है। चालाकियां करने वाले लोग नजरों से गिर जाते है एक बार कोई नजर से गिर जाता है तो उससे विश्वास उठ जाता है। पापियों का हर युग में सर्वनाश हुआ है ।बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मो की सजा जरुर मिलती है। जब ईश्वर की चक्की चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है इसलिए आदमी को नीच कर्मों से बचना चाहिए और अच्छे कर्म करके जीवन सुधारना चाहिए। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। जीवन एक बार मिलता है,बार-बार नहीं अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए ।मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ ।पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है।आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर -सत्कार करना चाहिए। ।भगवान के पास हर चीज का लेखा -जोखा है मानव सेवा ही नारायण सेवा है । यह अटल सत्य है।भगवान व शमशान को हर रोज याद करना चाहिए ।किसी को दुखी नहीं करना चाहिए । अल्लाह की लाठी जब पडती है तो उसकी आवाज नहीं होती । ईश्वर इस धरा के कण -कण में विद्यमान है । मानव जीवन एक बार ही मिलता है मानव को ऐसे कार्य करने चाहिए कि जीवन यादगार बन जाए लोग जीवन से प्रेरणा ले। धन-दौलत,महल व आलीशान मकान सब यही धरा रह जाएगा। बुरा करोगे तो सजा जरुर मिलेगी। यह अटल सत्य है।

## संपादकीय

# तेल नहीं पानी ड़ालिए

गाजा के अल-अहली अल-आबी अस्पताल में मंगलवार को हुए धमाके को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। आतंकवादी संगठन हमास ने इसके लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है जबकि इस्राइल के सुरक्षा बलों ने इस बता के पुख्ता सबूत पेश किए हैं कि अस्पताल में धमाका गाजा में सक्रिय आतंकवादी संगठन फिलिस्तीनी इस्लामिक जेहाद ने किया है। लेकिन यहां नंगा यथार्थ यह है कि अस्पताल में महिलाओं और बच्चों समेत सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए। अब इस जघन्य अपराध के दोषी हमास हो या इस्राइलग सचाई यही है कि जो निर्दोष मौतें हुई हैं उन्हें न नजरों से ओझल किया जा सकता है और न ही विचारों से। इन मौतों के लिए युद्ध की वह मानसिकता जिम्मेदार है जो किसी भी मानवीय पहलू को नजरअंदाज कर देती है। वास्तविकता यह है कि युद्ध की शुरुळआत करने वाले और युद्ध को नहीं रुळकने देने वाले दोनों ही अपराधी हैं और सबसे बड़ा अपराधी वह है जो इस आग में घी ड़ालने का प्रयास करता है। 17 अक्टूबर को अस्पताल पर हुए हमले के बाद हमास समर्थकों के बीच विश्व भर में जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई उससे जाहिर होता है कि जैसे वे इस तरह के किसी कांड़ की प्रतीक्षा कर रहे थे कि ऐसी कोई घटना हो तो उन्हें हमास के साथ खड़ा होने का एक जायज अवसर हाथ लग जाए। इस मानसिकता में युद्ध पर विराम लगाने या युद्ध जैसी घटना न होने देने का कोई मंतव्य दिखाई नहीं देता। इस प्रतिक्रिया के विरोध में इस्राइल की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक है। हमास की अमानवीयता पर कोई बहस नहीं हो सकती और उसके समर्थन में कोई खड़ा नहीं हो सकताग लेकिन इस्राइल एक संप्रभु और स्वतंत्र राष्ट्र है। वह अंतरराष्ट्रीय कानूनों से बंधा हुआ है। इसलिए उसे फिलिस्तीन के पीड़ित और असहाय नागरिकों के बारे में सोच-विचार करना चाहिए। अस्पताल में हुए धमाके के बाद यह युद्ध एक असभ्य और अंधकार युग के दौर में प्रवेश कर गया है। आने वाले समय में इस्राइल को हमास और फिलिस्तीन इस्लामिक जेहाद जैसे आतंकी समूहों के गुरिल्ला युद्ध की चुनौतियों का मुकाबला करना आसान नहीं होगा। वैश्विक विवेक को चाहिए कि वह दोषी कौन हैग इस मानसिकता से बाहर निकलकर पहले युद्धविराम कराए और दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर बिठाएं। युद्ध की आग में तेल नहीं बल्कि पानी ड़ालें।



## चिंतन-मनन

# भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्रबाहु को पराजित होना पड़ा।
रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा।
पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मनस्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

# बिना रथी के दौड़ रहे हैं रथ, सारथी के भरोसे चुनाव


सनत जैन

विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार चुनाव प्रचार के लिए हाईटेक रथ चुनाव मैदान में उतारे हैं। इन रथों में भाजपा का कोई रथी नहीं होगा। सारथी के रूप में वेतन भोगी ड्राइवर होंगे, जो मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा में जाएंगे। इन रथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाज में उनका संदेश होगा। वोट की अपील होगी, वह पत्र होगा जो मतदाताओं के लिए लिखा है। ब्रह्मास्त्र की तरह इन रथों से मतदाताओं तक ऑडियो और वीडियो के माध्यम से चुनावी गाने और चुनावी नारे से मतदाताओं को प्रभावित करने का यह नया तरीका भारतीय जनता पार्टी ने अपनाया है। इस रथ की सबसे बड़ी खासियत यह है कि हर एक रथ में एक क्यूआर कोड होगा जिसके माध्यम से मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट डालने की शपथ लेंगे। यह रथ हर विधानसभा तक पहुंचकर 18 से 39 साल के मतदाताओं को आकर्षित करने का काम करेंगे।

कांग्रेस ने 229 विधानसभा क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं, उनके नाम की घोषणा भी कर दी है। केवल एक सीट पर कांग्रेस ने अभी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। टिकट वितरण के मामले में कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से आगे निकल गई है। अभी भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस में टिकट वितरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी एक संगठित संगठन के रूप में चुनाव प्रचार का काम पहले ही शुरू कर चुकी थी। अब कांग्रेस भी चुनाव प्रचार के लिये मैदान में उतरेगी। कांग्रेस ने पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति की टिकट नहीं दिया था। उनके द्वारा विद्रोही तेवर अपनाए गए, बाद में उनको गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी गई। इसकी कांग्रेस एवं नरसिंहपुर जिले में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस में एक बार फिर कमलनाथ के ऊपर दिग्विजय सिंह और सुरेश पचौरी भारी पड़ते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने जो दूसरी सूची घोषित की है। उसमें दिग्विजय सिंह और सुरेश पचौरी का प्रभाव देखने को मिल रहा है। कांग्रेस ने इस बार भी मुहूर्त देखकर उम्मीदवार घोषित किए हैं। कांग्रेस ने दलबदलुओं को टिकट देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की बात करें, तो कांग्रेस की ओर से उसके योद्धा चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। भाजपा में अभी इसका इंतजार हो रहा है। विधानसभा चुनाव में इस बार कांटे की टक्कर है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। जरा सी गफलत होने पर चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं, जिसके कारण दोनों ही पक्ष पूरी सतर्कता के साथ चुनाव मैदान में हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे ज्यादा शासन किया है। भारतीय जनता पार्टी इस बार उनके नाम पर चुनाव ना लड़कर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने जो हाईटेक रथ उतरे हैं, वह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोकस में रखकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में हाईटेक प्रचार प्रसार का बोलबाला है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके तीन केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित दर्जनों केंद्रीय मंत्री और सांसद प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लगातार मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी लगातार 3 वर्षों से मध्य प्रदेश के हर जिले में जाकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और सर्वे के माध्यम से जिताऊ उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारने के लिए मेहनत कर रहे थे। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की सभा में बड़े पैमाने पर मतदाता पहुंच रहे हैं। कमलनाथ का क्रेज भी मतदाताओं के बीच में बना हुआ है। इस बार मतदाता काफी सजग है मतदाताओं की आक्रामकता को देखते हुए लगता है कि 2023 का विधानसभा चुनाव मतदाता वर्सेस राजनीतिक दलों के बीच होगा। जिस तरीके का रुझान मतदाताओं में देखने को मिल रहा है। विचारधारा तथा धार्मिक ध्रुवीकरण का व्यापक असर नहीं है। अब यह कहा जाने लगा है, कि 2023 के विधानसभा चुनाव के परिणाम बड़े आश्चर्यजनक होंगे। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में इस बार सीधा मुकाबला है। बहुजन समाज पार्टी मध्य प्रदेश में काफी कमजोर हो गई है। मतदाताओं में चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने हाईटेक रथ उतारकर चुनाव को काफी रोचक बना दिया है। भारतीय जनता पार्टी हाईटेक के रथ में क्यूआर कोड लगाकर युवाओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए शपथ करा रही है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार भी गंगाजल के माध्यम से मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए गंगाजली उठवा कर कसम खिलवा रहे है। मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जिस तरह से कसम और शपथ का खेल शुरू हो गया है। मतदाताओं को इसका फायदा हो रहा है। जो ?मिल रहा है, वह रखकर कसम भी खा रहा है, चुप भी है। इसकी प्र?तिक्रिया किस रूप में होगी, यह कहना मुश्किल है। हिंदी भाषी राज्यों में चुनाव को प्रभावित करने के लिए शपथ और कसम की चर्चा मतदाताओं के बीच हो रही है। इसके पहले विधानसभा चुनाव में इतनी अनिश्चितता नहीं रही, जो इस चुनाव में देखने को मिल रही है।

# भूकंपः डराते हैं दिल्ली के झटके


डॉ. कुशाग्र राजेंद्र

पिछले दो हफ्तों में उत्तर भारत में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए पर दोनों भूकंप का केंद्र असामान्य रूप से अलग-अलग पाया गया। अक्तूबर की शुरू आत में आए 6.2 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र टेक्टानिक रूप से सक्रिय नेपाल में था वहीं 9 किलोमीटर गहराई और 3.1 तीव्रता वाला पिछला भूकंप स्थानीय फरीदाबाद से 9 किलोमीटर दक्षिण में था।
भारत भूकंपीय दृष्टि से हिमालय में होने वाले टेक्टानिक हलचल और प्रायद्वीपीय भूखंड यानी सेंट्रल क्रेटॉन के प्लेट के आपसी हलचल के कारण सक्रिय क्षेत्र है, जिसमें अधिकांश योगदान हिमालय का है। भारत को भूकंप के खतरे के आधार पर ब्यूरो ऑफ इंडीयन स्टैंडर्ड ने पाँच भूकंपीय क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जिसमें दिल्ली-एनसीआर जोन यानी 'उच्च जोखिम' वाले क्षेत्र में आता है। फरीदाबाद में आया भूकंप गुजरात, राजस्थान और दिल्ली के बीच दक्षिण-पश्चिम, उत्तर पूर्व में फैले अरावली-दिल्ली फोल्ड बेल्ट से जुड़ा है, भू-गर्भीय हलचल के लिहाज से काफी मह'वपूर्ण क्षेत्र है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र भू-गर्भीय हलचल के दृष्टि से हिमालय और प्रायद्वीपीय कंपन के संधि क्षेत्र पर स्थित है। यह क्षेत्र न केवल स्थानीय अरावली-दिल्ली फोल्ड बेल्ट में होने वाले आंतरिक हलचल बल्कि ऐसा पाया गया है कि हिमालय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली भूकंपीय गतिविधियों के लिए भी संवेदनशील है और अक्सर भूकंप के झटकों का सामना करते रहते हैं। दिल्ली के



आसपास अरावली पर्वत श्रृंखला के साथ अनेक फॉल्ट और कमजोर क्षेत्र हैं, जो उत्तर में हिमालय में धंस जाते हैं। दिल्ली-हरिद्वार रिज, महेंद्रगढ़-देहरादून फॉल्ट, सोहना फॉल्ट, दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट की उपस्थिति इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला बनती है। अरावली-दिल्ली फोल्ड बेल्ट पर स्थित है दो विशाल भूखंड यानी मारवाड़ क्रेटॉन और बुंदेलखंड क्रेटॉन है। इन दोनों क्रेटॉन के आपसी सूक्ष्म गति का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने वाले बढ़े हुए भू-गर्भीय हलचल से इनकार नहीं किया जा सकता। यहां तक कि इस क्षेत्र में होने वाले भूकंपीय हलचल की आवृत्ति और मानसून में होने वाली भू-जल के रीचार्ज के बीच आपसी तारतम्य देखा गया है। सनद रहे कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पानी का दोहन खतरनाक स्तर तक हुआ है। पिछले सौ वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दो दर्जन से अधिक भूकंप आ चुके हैं, जिसमें 1956, 1960 और 1966 के भूकंप शामिल हैं। इन सब में सबसे ज्यादा तबाही वाला गुड़गांव में आया 1960 का भूकंप। इसके अलावा अब तक का सबसे विनाशकरी भूकंप 1720 में आया था। और ऐसा अनुमान है कि इन दोनों भूकंप का केंद्र हिमालय में न होकर स्थानीय था। विगत कुछ वर्षों में दिल्ली के आसपास कम तीव्रता वाले भूकंपीय हलचल भी बढ़ी है। गौर करने वाली बात है कि अक्सर आने वाले कम तीव्रता वाले भूकंप किसी बड़े तीव्रता वाले भूकंप के होने की तीव्रता को काफी हद तक कम कर देते हैं। पर ऐसा देखा गया है कि कम तीव्रता वाले भूकंप घने आबादी वाले क्षेत्रों में खतरे के अनुमान की कमी और बिना तैयारी के कारण काफी बड़े नुकसान का सबब बनते हैं। साल 2000 के नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक धरती पर मानव निर्मित संरचनाओं का भार प्रकृति निर्मित वस्तुओं के भार से ज्यादा हो चुका है, जिसमें मुख्य योगदान भवन और बसावट की संरचना है। जमीन पर बनी हर संरचना जिसके भवनङ्क ओवरब्रिज, पुल आदि शामिल हैं प्राकृतिक रूप से कंपन करती है, जिसे रेजॉनेट खेक्वेंसी कहते हैं। किसी भी संरचना के प्राकृतिक रूप से कंपन की प्रवृत्ति उसके भार, लचीलेपन और आकार पर निर्भर करती है। भूकंप के समय सतह पर प्रसारित ऊर्जा सतह पर मौजूद सभी वस्तु प्राकृतिक रूप से कंपन करने लगते हैं। अगर सतह पर प्रसारित ऊर्जा रेजॉनेट खेक्वेंसी के बराबर या ज्यादा होती है तब इमारत बहुत तेजी से हिलने लगती है और विनाश का कारण बनती है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एक घने आबादी का क्षेत्र है जहां की बसावट 35 मिलियन तक है, साथ-ही-साथ अरावली-दिल्ली फॉल्ट बेल्ट पर आधी मिलियन आबादी वाले जयपुर, अजमेर और जोधपुर सहित कम-से-कम पांच बड़े शहर हैं। इस लिहाज से किसी बड़े या माध्यम तीव्रता के भूकंप होने के लिहाज से तैयारी नाकाफी है। पृथ्वी मंत्रालय की दिल्ली के 'सिसमिक हैजर्ड माक्रोजोनेशन' के अनुसार यमुना के किनारे और पुरानी दिल्ली में बसे घनी आबादी वाले क्षेत्र किसी बड़े भूकंप की स्थिती में तबाही के क्षेत्र में बदल सकते हैं।
तेजेंद्र खन्ना के रिपोर्ट के मुताबिक 70-80 फीसद इमारतें भूकंपरोधी नहीं है। 2019 के इंडिया टुडे के एक रिपोर्ट के मुताबिक असुरक्षित इमारतों का आंकड़ा 90 फीसद तक है। इसका एक प्रमुख कारण दिल्ली में किसी भी प्रकार के कानूनी बाध्यता का न होना भी है। हालांकि दिल्ली मास्टर प्लान 2021 सिलसिलेवार ढंग से भूकंप से बचाव और आपदा के प्रभाव के कम करने का खाका देता है पर बेतरतीब तरीके से फैलता दिल्ली सहित एनसीआर का दायरा किसी बड़े या यहां तक कि मध्यम श्रेणी के भूकंप की स्थिति में भी तबाही का सबब बन सकता है।

# कल से नमो भारत में आमजन कर सकेंगे सफर

**नई दिल्ली।** नमो भारत (रैपिडएक्स) ट्रेन में आमजन शनिवार सुबह 6 बजे से सफर कर सकेंगे। साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक का सफर करने के लिए यात्रियों को 50 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। हालांकि न्यूनतम किराया महज 20 रुपये होगा। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने रैपिडएक्स ट्रेन की किराया दरें घोषित कर दी थीं। प्रीमियम कोच का सफर महंगा होगा। इस कोच में सफर करने के लिए यात्रियों को दोगुना किराया देना होगा। साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक जाने के लिए 100 रुपये किराया चुकाना होगा। 90 सेंटीमीटर तक ऊंचाई वाले बच्चे अपने परिजनों के साथ मुफ्त सफर कर सकेंगे। हर यात्री अपने साथ 25 किलोग्राम तक का लगेज ले जा सकेगा। ट्रेन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक चलाई जाएंगी।

**नोएडा, गुड़गांव और फरीदाबाद तक भी जाएगी रैपिडएक्स**

रैपिडएक्स ट्रेन सिर्फ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ को ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर के शहरों को रफ्तार देगी। एनसीआरटीसी की प्लानिंग दो चरणों में कुल आठ कॉरिडोर पर रैपिडएक्स ट्रेनें चलाने की है। पहले चरण में दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर के अलावा दिल्ली से वाया गुरुग्राम होते हुए अलवर तक और दिल्ली से पानीपत तक दो और कॉरिडोर




बनाकर ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की है। दिल्ली से गुरुग्राम कॉरिडोर पर अलाइनमेंट तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**दूसरे चरण में इन कॉरिडोर पर शुरू होगा काम**

जल्द ही दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर कॉरिडोर पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके बाद पहले चरण के दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर पर काम शुरू होगा। इन तीन कॉरिडोर का निर्माण पूरा होने के बाद दूसरे चरण में पांच कॉरिडोर बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में दिल्ली-फरीदाबाद-पलवल कॉरिडोर, गाजियाबाद-खुर्जा कॉरिडोर, दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक कॉरिडोर, गाजियाबाद-हापुड़ कॉरिडोर, दिल्ली-शाहदरा-बडौत कॉरिडोर का काम शुरू होगा। दोनों चरण पूरे हो जाने से यूपी के पांच जिले गाजियाबाद, मेरठ, खुर्जा, हापुड़ और बागपत रैपिडएक्स कॉरिडोर से जुड़ जाएंगे।

**एप, काउंटर और वेंडिंग मशीन से खरीद सकेंगे टिकट**

यात्री प्रवेश द्वार से रैपिडएक्स का टिकट मोबाइल एप्लीकेशन, टिकट काउंटर और टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से ले सकेंगे। मोबाइल एप से टिकट बुक करने पर उन्हें एक क्यूआर कोड मिलेगा, जिसे स्टेशन पर लगे स्कैनर में स्कैन करना होगा। इसके बाद प्रवेश के लिए द्वार खुल जाएगा और यात्री प्लेटफार्म पर जाने के लिए अंदर दाखिल हो सकेंगे।

प्लेटफार्म की तरफ प्रवेश करने से पहले यात्री और उसके सामान की जांच उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) करेगी। इसके बाद यात्री को प्लेटफार्म की तरफ भेजा जाएगा। इन सभी प्रक्रिया में महज दो मिनट लगेंगे।

## नोएडा में उपचार के दौरान महिला की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही से उपचार करने का आरोप लगाया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली रूपा पत्नी अरविंद उम्र 23 वर्ष बीमार थी। उसका उपचार सदरपुर कॉलोनी में क्लीनिक चलाने वाले सत्येंद्र के यहां चल रहा था। उन्होंने बताया कि रूपा के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर सत्येंद्र ने उसका उपचार लापरवाही से किया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। उसके बाद उसे सेक्टर-116 स्थित एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने उपचार में लापरवाही बरती जिसके चलते महिला की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गाजियाबाद में दिनदहाड़े बुलेट सवार को बदमाशों ने गोलियों से भूना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। हत्यारे अपाचे बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस को मृतक के पास से एक पिस्टल बरामद हुई है, जिसके अवैध होने की आशंका है। फिलहाल हत्या क्यों हुई, हत्यारे कौन थे, इन सब बिंदुओं पर जांच जारी है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय जितेंद्र, पुत्र वीरेश पाल, के रूप में हुई है। वो ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में गांव अगरौला का रहने वाला था। वो गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गांव से लोनी क्षेत्र में बुलेट बाइक से आ रहा था। अशोक विहार के पास बाइक से आए तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके रोका और जितेंद्र पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हत्यारोपी आसानी से फरार हो गए। इस पूरी वारदात में जितेंद्र को संभलने तक का मौका नहीं मिला। वो हेलमेट भी नहीं उतार पाया था, इससे पहले हमलावर उसको गोलियों से भून चुके थे। बताया जा रहा है कि मृतक की जेब से पुलिस को एक पिस्टल बरामद हुई है, जो प्राथमिक तौर पर अवैध दिखाई पड़ रही है।

## गाजियाबाद में महिला की हत्या का केस सॉल्व करते हुए पुलिस ने दो पड़ोसियों को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की अलग-अलग टीम केस को वर्कआउट करने में जुटी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में पड़ोस में रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने महिला की गला रेत कर हत्या की थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने महिला की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वो घर के पास शराब पीकर खड़ा होने से मना करती थी। वारदात के बाद दोनों घर से मोबाइल-ज्वेलरी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने 24 घंटे से भी कम वक्त में इस वारदात का खुलासा करते हुए गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लोनी थाना क्षेत्र की न्यू विकासनगर कॉलोनी निवासी विनोद शर्मा की तलाकशुदा बहन गिरिजा पिछले ढाई साल से अपने भाई संग रह रही थी। बुधवार सुबह भाई विनोद और भतीजा आदित्य शर्मा काम पर चले गए। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा। अंदर गिरिजा का शव पड़ा हुआ था। सिर से खून बह रहा था। आशंका जताई गई कि सिर पर भारी वस्तु से प्रहार करके हत्या की गई है।

## दिल्ली में स्कूल के पास अज्ञात महिला का मिला शव

**नोएडा।** नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में एक स्कूल के पास एक अज्ञात महिला मृत पाई गई, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। अधिकारी के अनुसार, इलाके में एमसीडी स्कूल की दीवार के पास एक शव पड़ा होने के संबंध में तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में एक कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वह महिला का शव है। उन्होंने कहा, शुरुआती



परिस्थितियों से यह हत्या का मामला लग रहा है, इसलिए फॉरेंसिक और क्राइम टीमों को मौके पर बुलाया गया। जांच से जुड़े अधिकारी ने कहा, मौत की परिस्थितियों को समझने में मदद के लिए डीडीयू अस्पताल के डॉक्टरों को भी मौके पर बुलाया गया।कहा, स्थापित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही जारी है और उपलब्ध जानकारी के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

## नहीं कांपे जालिमों के हाथः बिजनेस पार्टनर को तीसरी मंजिल से फेंका, लूटपाट कर भागे, तड़प-तड़प कर गई जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के बलबीर नगर में लेनदेन के विवाद में बिजनेस पार्टनर ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर रोहित जैन को तीसरी मंजिल की बालकनी से फेंक दिया। इसके बाद आरोपी नकदी और जेवर लूटकर फरार हो गए। गंभीर हालत में रोहित को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हत्या और लूट का मामला दर्ज कर बिजनेस पार्टनर सतीश (38) और गांव दानपुर, बुलंदशहर हीरालाल (55) व बेटे नीतेश उर्फ नितिन बिल्लू (22) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गए 1.41 लाख रुपये और जेवर, तमंचा व अन्य सामान बरामद कर लिया है। लोन की रकम न चुकाने पर सतीश और रोहित में विवाद था। हीरालाल से भी 10 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद चल रहा था। इसी बात पर हुए झगड़े उसे नीचे फेंक दिया गया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि मंगलवार को शाहदरा पुलिस को खबर मिली कि बलबीर नगर में रोहित जैन को तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो




पता चला कि रोहित को परिजन अस्पताल ले गए हैं। यहां पहुंचने पर उसकी मौत का पता चला। परिजनों का बयान लेकर पुलिस ने हत्या, लूटपाट, समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस को पता चला कि रोहित का सतीश के साथ जींस का कारोबार था।

दो अन्य लोगों के नाम भी सामने आए। इसके बाद पुलिस ने सतीश, हीरालाल और नीतेश की तलाश शुरू कर दी। सतीश और पिता-पुत्र गांधी नगर इलाके से दबोच लिया गया। सतीश ने बताया कि उसके खाते पर बैंक की क्रेडिट लिमिट 50 लाख थी। रोहित ने खाते से रुपये लेकर काम में इस्तेमाल कर लिए थे। वह रुपये नहीं लौटा रहा था। दूसरी ओर शर्ट का कारोबार करने वाले हीरा ने बताया कि रोहित ने उसे 10 लाख का लोन दिलाने की बात कहकर रुपये हड़प लिए थे।

**20 से 30 रुपये के लिए चाकू से गोदकर हत्या**

दूसरी वारदात में 12वीं पास करने के बाद धौलपुर, राजस्थान से बीस दिन पहले पिता के पास दिल्ली घूमने आए राजू की बृहस्पतिवार सुबह चंद रुपयों के लिए चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जांच में पुलिस को पुता चला है कि राजू की जेब में 20 से 30 रुपये थे। माना जा रहा है कि लूट का विरोध करने पर हमला किया गया है। पुलिस सीसीटीव खंगालकर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अमर कॉलोनी निवासी दौलतराम निजी कंपनी में नौकरी करते हैं।

12वीं पास करने के बाद बेटा राजू उनके पास पहली बार दिल्ली घूमने आया था। सुबह वह 9:30 बजे कालकाजी मंदिर दर्शन करने गया था। कुछ देर बाद वह लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। मामले की पीसीआर कॉल पहले कालकाजी थाने को दी गई। बाद में अमर कॉलोनी थाने को सूचना दी गई। पुलिस को शुरुआती जांच में पता लगा कि कालिंदी कुंज पार्क से गुजरते समय राजू के साथ लूटपाट की गई। उसने विरोध किया तो चाकू से हमला कर दिया गया।

## मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को दिलाया मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाज़ा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी पोस्ट में कहा, 'फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। हम फ़िलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे।'

श्री मोदी ने यह भी कहा, 'क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। इज़रायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया।'

इससे पहले विदेश मंत्रालय की नियमित ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इज़रायल हमास संघर्ष के बारे में तमाम सवालों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की टिप्पणियों के साथ-साथ विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में हमने इज़रायल पर हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है, और हमारा मानना ??है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने में एक साथ खड़ा होना चाहिए।

प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक फ़िलिस्तीन का संबंध है, हमने इज़रायल के साथ शांति से कंधे से कंधा मिलाकर सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर रहने वाले एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फ़िलिस्तीन देशकी स्थापना के लिए सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की वकालत करने की अपनी दीर्घकालिक स्थिति को दोहराया है।

श्री बागची ने कहा, 'हमने जारी संघर्ष के कारण नागरिकों के हताहत होने पर भी अपनी चिंता व्यक्त की है। हम इससे उत्पन्न मानवीय स्थिति को लेकर भी चिंतित हैं। हम अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पूर्ण सम्मान और कड़ाई से पालन करने का आग्रह करेंगे।

## कश्मीरी प्रवासी परिवारों के लिए बढ़ाई गई राहत राशि

**नई दिल्ली।** अक्तूबर वार्ता दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने यहाँ रह रहे कश्मीरी प्रवासियों को दी जाने वाली तदर्थ मासिक राहत (एएमआर) में वृद्धि को मंजूरी दी है। पहले यह राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह थी जिसे अब बढ़ाकर 27 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा।एएमआर में यह बढ़ोतरी 15 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद की गई है। 2007 में इस एएमआर को पाँच हज़ार रुपये से बढ़ाकर दस हज़ार रुपये किया गया था। वर्ष 1995 में दिल्ली सरकार ने



एएमआर के तहत दी जाने वाली इस राशि को पाँच रुपये प्रतिमाह तय किया था। एएमआर के लिए पात्र परिवार के सदस्यों से संबंधित डाटा की आधार सीडिंग अनिवार्य होगी। साथ ही प्रवासियों को राहत का भुगतान सिर्फ आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम/पीएफएमएस के जरिये होगा जो मौजूदा मानदंडों के अनुसार होगा।

## नौजवानों को भा रही है वंदे भारत एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर नौजवानों, बच्चों और कामकाजी वर्ग के बीच खासी लोकप्रियता मिल रही है और इसके कारण से कई महानगरों के बीच विमान सेवाओं के किराये एवं फेरों की संख्या पर भी असर पड़ा है।

रेलवे बोर्ड ने विभिन्न वंदे भारत ट्रेनों में अब तक हुई बुकिंग के आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद कहा है कि देश के युवाओं और कामकाजी वर्ग में गति, सुविधा और समय बचाने के लिए भारतीय रेलवे की पूर्ण स्वदेशी तकनीक से निर्मित यह ट्रेन सेट सबसे पसंदीदा यात्रा विकल्प के रूप में उभर रहा है। आंकड़ों के अनुसार वंदे भारत में यात्रा करने वाले 25-34 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं (पुरुष, महिला) के, औसतन 27.5 प्रतिशत यात्री इसी आयु वर्ग के हैं। इसी तरह, 35-49 वर्ष के बीच आयु वर्ग में, औसतन 28.6 प्रतिशत यात्री परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में वंदे भारत एक्सप्रेस को प्राथमिकता देते हैं। कुल मिलाकर, लगभग 56 प्रतिशत यात्री युवा और कामकाजी वर्ग के हैं। वंदे भारत में यात्रा करने वाले सभी आयु वर्ग के यात्रियों में यह आयु वर्ग सबसे अधिक हो गया है। यही नहीं, देश में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपनी सुविधा और गति के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रति अपनी रुचि दिखाई है। एक आंकड़े के मुताबिक, सभी यात्रियों में औसतन 12.5 फीसदी यात्री इसी आयु वर्ग के होते हैं।

एक अध्ययन के हवाले से रेलवे बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में चेन्नई-बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम-कासरगोड, मुंबई-पुणे, जामनगर-अहमदाबाद और दिल्ली-जयपुर मार्गों पर वंदे भारत की शुरुआत के साथ, इन क्षेत्रों में हवाई किराए में अप्रैल के स्तर से 20-30 प्रतिशत की की गिरावट आई है। इन मार्गों पर वंदे भारत की शुरूआत से एयरलाइंस के 10-20 प्रतिशत ग्राहक आधार पर काफी प्रभाव पड़ा है। इसके प्रभाव से इन क्षेत्रों पर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत से पहले के हवाई किराए की तुलना में इन मार्गों पर हवाई किराए में उल्लेखनीय गिरावट आई है। चेन्नई से बेंगलुरु के बीच यात्री किराये अप्रैल में 900 रुपए से 2000 रुपए के बीच रहे। परिवहन क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस ने हवाई किराए की गतिशीलता को बदल दिया है। इसके साथ ही लोग अपने वाहन से यात्रा करने के बजाय वंदे भारत एक्सप्रेस को प्राथमिकता देते हैं।

## गाजा पट्टी में नागरिक क्षेत्रों की घेराबंदी कर बमबारी अस्वीकार्य : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों की हत्या को गंभीर मानवीय त्रासदी बताते हुए गुरुवार को कहा है कि नागरिक क्षेत्रों की घेराबंदी कर बमबारी करना स्वीकार्य नहीं है।

श्री खडगे ने कहा, 'गाजा में अस्पताल और रिहायशी इलाकों पर अंधाधुंध बमबारी से सैकड़ों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की जान चली गई है। यह अनुचित और गंभीर मानवीय त्रासदी है जिसके लिए यह पाप करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।'उन्होंने कहा कि आठ अक्टूबर को कांग्रेस ने इज़राइल के लोगों पर हमास के हमले को क्रूर करार देते हुए इन हमलों की निंदा की थी लेकिन इजराइल के सैन्य बलों द्वारा गाजा



पट्टी के नागरिक क्षेत्रों की घेराबंदी कर बमबारी करना भी अस्वीकार्य है। श्री खडगे ने कहा, 'कांग्रेस फिलिस्तीनियों के अधिकारों के लिए अपने दीर्घकालिक समर्थन को दोहराती है। अपने संप्रभु राज्य में गरिमा, आत्म-सम्मान और समानता वाले जीवन जीने की फिलिस्तीनियों की आकांक्षाएं लंबे समय से चली आ रही हैं। यह स्वाभाविक है। इन आकांक्षाओं को हमेशा दबाया और नकारा गया है। लाखों फिलिस्तीनियों को बेदखल और विस्थापित किया गया है।

वे डर और भय के माहौल में जीवन व्यतित कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस तत्काल युद्धविराम और गाजा के संकटग्रस्त लोगों को मानवीय सहायता के लिए अपना आह्वान दोहराता है। सभी पक्षों को हिंसा और युद्ध का रास्ता छोड़कर बातचीत और कूटनीति की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए जिससे फिलिस्तीनी की आकांक्षाएं पूरी हो सके और इज़रायल की सुरक्षा चिंताओं को भी सुनिश्चित किया जा सके।'

## मालदीव की नई सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग के बारे में चर्चा को तैयार'

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि वह मालदीव की नयी सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग एवं द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए तरीकों पर चर्चा के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत के बारे में बयानों से जुड़े सवालों के जवाब में कहा, ÷मालदीव के साथ हमारा सहयोग साझा चुनौतियों का मिल कर सामना करने और प्राथमिकताओं पर संयुक्त रूप से परिणामकारी कार्य करने पर आधारित है। हमने मालदीव को जो सहायता प्रदान की है, उनसे मालदीव के लोगों के कल्याण, उन्हें मानवीय सहायता,



आपदा राहत और अवैध समुद्री गतिविधियों से निपटने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।÷

श्री बागची ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में, हमारे सहायता कर्मियों द्वारा 500 से अधिक चिकित्सा निकासी की गई हैं, जिससे मालदीव के 523 लोगों की जान बचाई गई है। इसी अवधि में मालदीव की समुद्री सुरक्षा की सुरक्षा के लिए 450 से अधिक बहुआयामी मिशन चलाए गए हैं। भारत किसी भी आपदा परिदृश्य में मालदीव के लिए पहला सहायक रहा है। हाल ही में कोविड महामारी के दौरान भी भारत, मालदीव को सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश रहा है।

प्रवक्ता ने कहा, ÷हालांकि अभी नये प्रशासन ने कामकाज नहीं संभाला है लेकिन हम आने वाले प्रशासन के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और अपने संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए तत्पर हैं।'

## नोएडा का बहुचर्चित निठारी कांडः लुक्सर जेल से रिहा हुआ मोनिंदर सिंह पंढेर

**नोएडा।** नोएडा के बहुचर्चित निठारी नर कंकाल कांड मामले में बरी होने के बाद आज तीसरे दिन मोनिंदर सिंह पंढेर की रिहाई नोएडा के लुक्सर जेल से हुई। उसे लेने के लिए उसका बेटा करमजीत सिंह और परिवार के कुछ और सदस्य आए हुए थे। जेल से निकलने के बाद वे लोग चुपचाप कहीं गुप्त स्थान के लिए निकल गए। पंढेर के जेल से बाहर आने के बाद उसके ऊपर कोई हमला न कर दे इस बात को ध्यान में रखकर पुलिस विभाग ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था किया था। जेल से निकलने के बाद पंढेर ने मीडिया से कोई बात नहीं की वह चुपचाप अपने बेटे के साथ गाड़ी में बैठकर चला गया। रिहाई का दूसरा परवाना गाजियाबाद के डासना जेल से आज नोएडा पहुंचा। बीमार होने के बावजूद बुधवार और बृहस्पतिवार को वह जेल में चहलकदमी करता दिखा था। जबकि इससे पहले ज्यादातर समय वह व्हीलचेयर पर ही बिताता था। इसी साल जून में उसे गाजियाबाद के डासना जेल से लुक्सर जेल लाया गया था। बीमार होने के चलते उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था। बताया जा रहा है कि वह जेल में किसी से बात नहीं करता था। जेल में उसे



वीआईपी ट्रीटमेंट देने की बात कही जा रही है। जेल में उसकी हर इच्छा का ख्याल रखा जाता था। जेल के उच्चाधिकारियों से उसने चाय के बजाय कॉफी पीने की इच्छा जाहिर की गई थी। उसी समय से ही उसे अलग से कॉफी पिलाई जाती है। जेल के अधिकारियों के अनुसार इसी साल जुलाई में लुक्सर जेल में पंढेर से मिलने के लिए बेटा आया था। उसके बाद उससे मिलने कोई नहीं आया। किसी ने भी उसे फोन तक नहीं किया। लुक्सर जेल के सुपरिंटेंडेंट अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मोनिंदर सिंह पंढेर की रिहाई का एक परवाना बुधवार को जेल पहुंच गया था। जबकि दूसरा परवाना आज पहुंचा है। उन्होंने बताया कि दो मामले में वह जेल में बंद थे। दोनों परवाना मिलने के बाद उन्हें आज जेल से रिहा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पंढेर को लेने के लिए उनका बेटा और परिवार के कुछ लोग आए हुए थे। मालूम हो कि नोएडा के वर्ष 2006 में हुए बहुत चर्चित निठारी हत्याकांड में सीबीआई ने 19 केस रजिस्टर किए थे, 17 मामलों में चार्जशीट लगी है। पायल केस में पंधेर आरोपी बनाया गया ,6 मामलों में पंधेर सह अभियुक्त बनाया गया है।435 लोगों की गवाही हुई है। 57 प्रत्यक्ष गवाह के रूप में पेश हुए है।रिंपा हलधर मामले में कोली व पंधेर को मिली फांसी की सजा ,हाईकोर्ट से पंधेर की सजा उम्रकैद में तब्दील,अन्य मामलों में कोली पर केस, बीते सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पंढेर को दोष मुक्त करार दिया था।

## जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने सेंटर फॉर आर्ट लैंग्वेज एंड कल्चरल एक्सचेंज के सहयोग से

# दक्षिण कोरिया के विजन कॉलेज ऑफ जोंजू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने सेंटर फॉर आर्ट लैंग्वेज एंड कल्चरल एक्सचेंज के सहयोग से दक्षिण कोरिया के विजन कॉलेज ऑफ जोंजू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू में दक्षिण कोरियाई विश्वविद्यालय के टीम लीडर प्रोफेसर ली सांग रोक और हेओ जियोंग वोन ने भाग लिया। इस दौरान अन्य प्रतिनिधियों में एचएईएसआई-जीएचएल के निदेशक रजनीश कुमार, कैल्स के संरक्षक डॉङ्क राकेश कुमार और निदेशक विवेक शर्मा उपस्थित थे। यह समारोह दक्षिण कोरिया के साथ शैक्षिक संबंध बेहतर बनाने और संकाय एवं छात्र विनिमय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। एमओयू समारोह की औपचारिक शुरूआत करते हुए विभाग की निदेशक डॉङ्क सपना राकेश ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा देकर स्वागत किया। और जीएल बजाज शैक्षिक समूह के बारे में औपचारिक परिचय दिया। प्रोफेसर ली ने दक्षिण कोरिया में अपने संस्थान उसके इतिहास और भारतीय संस्थानों से उनकी अपेक्षाओं के बारे में बताया। प्रोफेसर ली ने छात्र सभा को अभिवादन और ₹नमस्ते₹ कहकर संबोधित किया उन्होंने कहा कि भारत के प्रति उनका नजरिया सकारात्मक तरीके से बदला है प्रोफेसर ली ने कहा कि वह यहां जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के छात्रों का दक्षिण कोरिया में स्वागत करने और उन्हें वही एहसास दिलाने के लिए आए हैं जो उन्हें यहां मिला है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि आज दोनों संस्थानों के दीर्घकालिक संबंधों की शुरूआत हुई है। डॉङ्क राकेश कुमार ने भी अपने अनुभव बताते हुए कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया में भी कुछ कमजोरियां हैं और इसके लिए हम दोनों देशों की ताकत का इस्तेमाल कर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने एक उदाहरण दिया कि भारत में हमारे पास जन सांख्यिकीय सामग्री है और दक्षिण कोरिया के पास वह नहीं है। दूसरी ओर हमारे पास कुशल जनशक्ति की कमी है जबकि दक्षिण कोरिया इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। अंत में संकाय समन्वयक डॉङ्क सुरभि सिंह और डॉङ्क अरविंद भट्ट ने सभी कोरियाई प्रतिनिधियों को उनकी यात्रा के लिए धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### सेक्टर- 4, मंडी दुकानदारों ने सीटू के बैनर तले प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन - गंगेश्वर दत्त शर्मा




संवाददाता

**नोएडा,** । नोएडा, प्राधिकरण द्वारा सेक्टर- 4, नोएडा हरौला मंडी को बुलडोजर चला कर तहस-नहस करने के विरोध में पथ विक्रेताओं ने आज पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सीटू के बैनर तले यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जिला सचिव रामस्वारथ, वेंडर्स के प्रतिनिधि हरिराम साहू, अमित कुमार, मनीषा देवी आदि के नेतृत्व में प्राधिकरण कार्यालय सैक्टर -6 नोएडा पर प्रदर्शन किया और माननीय मुख्यमंत्री व सीईओ नोएडा प्राधिकरण को संबोधित ज्ञापन दिया, ज्ञापन में वेंडर्स को रोजगार करने से रोकने, उनका सामान तोड़ने- फोड़ने, सामान जप्त करने की प्राधिकरण द्वारा चल रही कार्रवाई को बंद कर सेक्टर- 4, नोएडा हरौला दैनिक मंडी के पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित कर वेंडिंग जोन में दो लाइन बनाकर बैठाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान करवाने, साथ ही जिन वेंडर्स का अभी तक सत्यापन कर लाइसेंस नहीं दिया गया है उन्हें शुल्क लेकर लाइसेंस जारी किए जाने, वेंडर्स के जप्त किए गए सामान व ठेली को निशुल्क वापस लौटाने, वेडिंग जोन के एक हिस्से में मुर्गा मछली बेचने वाले पथ विक्रेताओं को जगह दिए जाने आदि मांगे की गई है।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए पथ विक्रेता अधिनियम 2014 व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई नियमावली 2017, एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय /उच्च न्यायालय के आदेशो एवं माननीय मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर मनमानी पूर्ण तरीके से नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर गरीबों पर कहर ढा रहा है वह भी त्योहार के अवसर पर इस तरह की कार्रवाई की गई है जिसकी उन्होंने कड़ी निंदा किया। और कहा कि पुलिस प्रशासन के कहने पर हमने अपना प्रस्तावित घेराव का कार्यक्रम आज स्थगित कर सांकेतिक प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन दिया है। यदि दोबारा इस तरह की कार्रवाई की गई तो प्राधिकरण के समक्षः अनिश्चितकालीन आंदोलन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।ज्ञापन नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ श्री सतीश जी ने लिया और वार्ता के दौरान उन्होंने वेंडर्स को आश्वासन दिया कि यूनियन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पत्र पर उचित कार्रवाई की जाएगी और वेंडर्स की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## रामलीला के अंतर्गत भव्य और विशाल राम बारात निकाली गई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भव्य एवं विशाल राम बारात का स्वागत



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** श्री राम मित्र मंडल रामलीला समिति नोएडा द्वारा आयोजित सेक्टर 62 में रामलीला के अंतर्गत भव्य और विशाल राम बारात निकाली गई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भव्य एवं विशाल राम बारात का स्वागत सेक्टर 55 सेक्टर 56 के मैंन रोड पर सभी पदाधिकारी द्वारा किया गया !श्री राम मित्र मंडल रामलीला समिति के आदरणीय अध्यक्ष श्री धर्मपाल गोयल जी, महासचिव श्री मुन्ना शर्मा जी द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को भगवान श्री राम के आशीर्वाद का एक प्रतीक चिन्ह उपहार स्वरूप दिया गया !इस स्वागत समारोह में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से सुधीर पोरवाल महासचिव, अमित अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, फूल सिंह यादव उपाध्यक्ष, विक्रम सेठी उपाध्यक्ष, गोविंद अग्रवाल सचिव, राहुल भाटिया महासचिव युवा, मनोज गुप्ता संगठन महामंत्री समेत सभी पदाधिकारी ने यात्रा में शामिल हो भगवान श्री राम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया !

## शारद दुर्लभ यज्ञ दुजाना के पांचवें दिन के यज्ञ कार्यक्रम में वैदिक भजनों से गुंजा दुजाना गांव





संवाददाता

**दादरी।** शारद दुर्लभ यज्ञ के संयोजक सदस्य एवं मिडिया प्रभारी ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि आज दादी सत्ती मंदिर गांव दुजाना में नवरात्र में दिन रात चलने वाले शारद दुर्लभ यज्ञ पांचवें दिन का कार्यक्रम आठ यजमानों के द्वारा सम्पन्न हुआ। यज्ञ में राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के भजनोपदेशक कुलदीप विधार्थी ने वैदिक भजनों से यज्ञ प्रेमियोंको अपने सुरों से जोड़े रखा। शारद दुर्लभ यज्ञ कार्यक्रम में पांच कुंतल ग्रहत (देशी घी) एवं 15 कुंतल हवन सामग्री एवं कुन्तलो संविधा (लकड़ी) का उपयोग किया जा रहा है। यज्ञ कार्यक्रम में क्षेत्रीय एवं अन्य राज्यों से आये विद्वान आचार्य सत्यव्रत अजमेर, कल्याण सिंह आर्य बिजनौर, ओम प्रकाश आर्य भरतपुर, भजन उपदेशक महेश योगी भजन उपदेशक, महाशय रामगोपाल, महाशय मानसिंह, रविंद्र आर्य, छेत्र के सम्मानित रामेश्वर सरपंच, महेन्द्र आर्य, हुकम सिंह आर्य, ईलचन्द नागर, यशवीर भगतजी, कमल आर्य, धर्मवीर प्रधान सफीपुर, सतीश आर्य, नरपतसिंह प्रधानाचार्य नवादा , रमेश आर्य सिकन्दराबाद, योगेश आचार्य राजघाट , ओमिन्द्र आर्य इकला, प्रोफेसर विकास पंवार, सतबीर आर्य, जगबीर आर्य, ग्रीस मुनि, यशवीर चौधरी, जोगेन्दर नागर ,पंकज नागर एवं ग्राम दुजाना और आस पास के गांवों से आये सैकड़ों यज्ञ प्रेमियों ने यज्ञ पर आहुतियां देकर कर यज्ञ की शोभा बढ़ायी।

## लापता दो किशोरियों का धर्म परिवर्तन कराने का अंदेशा




**नोएडा,** । शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार किशोरियां लापता हो गईं। इनमें से दो किशोरियों का धर्म परिवर्तन कराने की आशंका जताई गई है। उनके परिजनों ने पांच लोगों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-66 के श्रमिक कुंज निवासी महिला ने फेज तीन थाने ने दी शिकायत में बताया कि उनकी 15 वर्ष बेटी 12 अक्तूबर को घर से गई थी, लेकिन लौटी नहीं। बाद में उन्हें पता चला कि पड़ोसी औरंगजेब उनकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। इसमें औरंगजेब के पिता इरशाद और उसके बड़े भाई तोहीद खान ने भी सहयोग किया। उन्होंने किशोरी का धर्म परिवर्तन करने की भी आशंका जताई है। इसके अलावा निठारी गांव में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति ने सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से काम करने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने पड़ोसी छोटू खान पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का शक जताया है। इस मामले में भी परिजन ने किशोरी के धर्म परिवर्तन की आशंका जताई है। किशोरी को फुसलाकर ले गया पड़ोसीः छिजारसी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहन के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाला कुलदीप उनकी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोपी कुलदीप मूल रूप से भरतपुर जिला इटावा का रहने वाला है। वहीं, सफाबाद गांव में किराए पर रहने वाले व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल के सपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। सभी थाने में किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित है।

## पांचवे दिन माता के स्कंदमाता स्वरूप की सुबह वा रात्रि आरती के बाद दिव्य मनमोहक रामलीला प्रस्तुति



**गौतमबुद्धनगर।** नवरात्रा सेवक दल (NSD) द्वारा संचालित 43ँ विशाल नवरात्र महोत्सव/चतुर्थ रामलीला महोत्सव 2023 में पांचवे दिन माता के स्कंदमाता स्वरूप की सुबह वा रात्रि आरती के बाद दिव्य मनमोहक रामलीला प्रस्तुति में आज भरत मिलाप, शूपनखा चित्रण, खर दूषण संवाद,सीता हरण, जटायु आदि प्रस्तुतियों का भव्य मंचन और प्रस्तुति देख पंचशील ग्रीन निवासी भावभीबोर हुए और अद्भुत मंचन को देखकर सभी बाल कलाकारों का भारी उत्साह वर्धन किया।अयोजन को सफल बनाने के लिए नवरात्र सेवक दल की पूरी टीम भरपूर मेहनत कर रही है औरपरिसर में खुशी का माहौल में परिवार आनंदित होकर माता रानी के आशीर्वाद और प्रभु श्रीराम की कृपा से अपने आपको प्रकाशमान ऊर्जा के रूप में नवरात्र सेवक दल द्वारा संकल्पित आयोजन 10 दिन 10 उत्सव दिन प्रतिदिन आनंद ले रहे है।

## संकल्प संस्था व बादलपुर पुलिस ने छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति किया जागरूक



संवाददाता

**दादरी :** के सादोपुर गाँव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे सामाजिक संस्था संकल्प फाउंडेशन व कोतवाली बादलपुर पुलिस द्वारा आयोजित संयुक्त कार्यक्रम मे लगभग 200 छात्र-छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं को महिला सुरक्षा,साइबर क्राइम व पॉक्सो एक्ट के बारे मे जानकारी दी गयी। भूपेन्द्र नागर ने कहा कि समाज में जागरूकता लाकर ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। संकल्प संस्था के अध्यक्ष भूपेन्द्र नागर ने बताया कि वरिष्ठ उप-निरीक्षक लोकेश कुमार ने साइबर क्राइम,महिला उप-निरीक्षक नितिका गोयल ने महिला सुरक्षा तथा धूम मानिकपुर चौकी इंचार्ज जगमोहन सिंह ने पॉक्सो एक्ट के विषय मे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं को किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई भी खाने पीने की वस्तु न लेने,सोशल मीडिया का संभलकर इस्तेमाल करने व 112,1098,1090 सहित विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संकल्प संस्था के संस्थापक भूपेन्द्र नागर,उपाध्यक्ष जगवीर शर्मा,महासचिव अमित नागर,सचिव सनी नागर,मधुसूदन सहित विद्यालय की प्रिंसिपल क ि व त ा ा शर्मा,राजकुमारी,मीनाक्षी,ललिता, लव्यांशु,सविता आदि अनेकों महिलाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## दादरी रामलीला में दशरथ मरण,भरत मिलाप आदि कीलीला का बहुत सुंदर मंचन हुआ






संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर ।** दादरी श्री अग्रसेन आदर्श इण्टर कॉलेज प्रांगण में चल रही रामलीला में दशरथ मरण,भरत मिलाप आदि कीलीला का बहुत सुंदर मंचन हुआ,सर्वप्रथम मंत्री सुमन्त अयोध्या लौट कर आते हैं जब राजा दशरथ जी को पता चलता है कई राम वापस नहीं आये तो कौशल्या को अपने शाप की कथा सुनाते है श्रवण कुमार का किस तरह मरण हुआ और दशरथ की मृत्यु हो जाती है उधर भरत अपने ननिहाल से आते हैं भरत तीनों रानी व वशिष्ठजी के साथ चित्रकूट श्री राम से मिलने पहुँचते हैं वहाँ भरत श्री राम जी की चरणपादुका लेकर अयोध्या आते है ।आगे राम-लक्ष्मण-माता सीता अत्रि के आश्रम पहुँचते हैं आगे सुतीक्ष्ण से भैट होती है।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष पवन बंसल ,महामंत्री केशव गोयल ,अंकित अग्रवाल ,विकास वत्स,सुधीर वत्स,वेदन शर्मा,राजीव गर्ग,चन्द्रभान वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।आज के यजमान -श्री सुभाष शर्मा जी ,श्री रामकुमार बंसल कृष्णा बंसल जी ने भगवान का पूजन कर लीला का शुभारंभ किया।

## एमिटी विश्वविद्यालय में सीता वनवास नाटक का हुआ मंचन



संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा के द्वितीय और तृतीय वर्ष के अभिनय के छात्रों द्वारा प्रख्यात लेखक श्री आगा हश्र काश्मीरी द्वारा लिखित नाटक सीता वनवास का मंचन किया गया।

इस नाटक में सीता के वनवास, लव कुश द्वारा अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को पकड़ना और उनके एवं पिता राम के मध्य के अनुभव, पिता से पुनर्मिलन को दर्शाते हुए सीता जी के धरती में समाने के दृश्य का मंचन छात्रों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा की चेयरपरसन श्रीमती पूजा चौहान सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्रों ने इस नाटक के मंचन का आनंद लिया। एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा की चेयरपरसन श्रीमती पूजा चौहान ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के नाटकों को मंचन आपको प्रयोगिक अनुभव प्रदान करते है और आपको क्षेत्र की बारिकियों को समझने, गलतियों को सुधारने के लिए सहायता करते है। छात्रों द्वारा सीता वनवास नाटक का बेहतरीन मंचन किया गया जिसने सबका मनमोह लिया।

उन्होनें छात्रों को प्रख्यात लेखकों द्वारा लिखे गये और भी नाटको पर कार्य करने और उनके मंचन की रूपरेखा तैयार करने की सलाह दी। इस नाटक में एमिटी स्कूल ऑफ फिल्म एंड ड्रामा की अभिनय की छात्रा श्रेया चौधरी ने सीता की भूमिका निभाई, जबकि अथर्व वर्मा ने राम का किरदार निभाया, फरदीन खान ने निभाया लक्ष्मण का किरदार, हनुमान के रूप में गौतम प्रकाश, हिरण्मयी कुंटे ने लव की भूमिका निभाई, कुश के रूप में नंदिनी सैनी, गुरु वाल्मिकी के रूप में धैर्य तनेजा, सांवल सहगल ने दुर्मुख की भूमिका में इस नजर आए । नाटक में रजक के रूप में शिवांश राज और पृथ्वी और राजकी के रूप में नमामि राणा, गुरु वशिष्ठ के रूप में सिद्धांत सूद, विभीषण के रूप में शिवांश राज, नागार्जन के रूप में अर्जुन इस नजर आए। नाटक में पारसी शैली के रंगमंच, नृत्य, संगीत, विशाल सेट, विभिन्न प्रकार के प्रकाश और ध्वनि के सभी तत्व शामिल थे।

## 21 अक्तूबर व 22 अक्तूबर को आयोजित होंगी परीक्षाएं

**पानीपत।** जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दहिया ने अपराध प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमिशन पंचकूला द्वारा 21 अक्तूबर व 22 अक्तूबर को आयोजित करवाई जा रही परीक्षा के सफल आयोजन के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किये है। जिलाधीश वीरेंद्र कुमार दहिया द्वारा जारी आदेश के तहत जिला में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार जैसे तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू, विस्फोटक पदार्थ व अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है तथा 21 अक्तूबर व 22 अक्तूबर को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में स्थित सभी फोटोस्टेट की दुकानें/साइबर कैफे के संचालन पर भी पाबंदी लगाई गई है। हालांकि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं पुलिस पर लागू नहीं होंगे। जिलाधीश ने हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमिशन पंचकूला द्वारा आयोजित करवाई जा रही परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल रहित सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किये है। उक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत दण्ड का भागीदार होगा।

## करनाल में हवाई अड्डा बनने से आएगा ओद्योगिक उछाल-अमरेन्द्र सिंह अरोड़ा

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार को अंबाला में हवाई अड्डा बनाने की बजाय करनाल पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि करनाल में हवाई अड्डा बनने से न केवल मुख्यमंत्री का नाम रोशन होगा बल्कि करनाल और आसपास में लगती ओद्योगिक ईकाइयों में जबरदस्त उछाल होगा। उन्होंने हरियाणा सरकार को याद दिलाया कि करनाल मेडिकल हब, जूता ओद्योगिक ईकाई, राइस इंडस्ट्रीज के साथ साथ पानीपत में हथकरघा उद्योग, कंबल की फैक्ट्रियां समेत करनाल के साथ लगते कुरुक्षेत्र, विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल तथा महाभारत कालीन अवशेष मौजूद हैं। जिसे धर्मनगरी भी कहा जाता है। अमरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि इन परिस्थितियों में करनाल में हवाई अड्डा बन जाने से यहां की ओद्योगिक हवा तेजी से बढेगी तथा देश और विदेशों से आने वाले व्यापारी भी सुलभ तरीके से आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल के तरावडी का चावल समूचे यूरोप देशों के अलावा यूएई अरब देशों अफ्रीका, अमेरिका, तथा अन्य महत्वपूर्ण देशों में निर्यात होता है। ठीक इसी तरह पानीपत की कंबल फैक्ट्रियों से निकले भारी वस्त्र 100 से अधिक देशों में निर्यात होते हैं। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि अंबाला से महज एक घंटे की दूरी पर पहले से ही चंडीगढ में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मौजूद है। जबकि करनाल से लोगों को दिल्ली जाने के लिए चार घंटे का समय लगता है। ऐसे में करनाल को हवाई अड्डे की सख्त जरूरत है। उन्होंने केंद्र और हरियाणा सरकार से मांग की है कि करनाल में अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के नाम पर हवाई अड्डा बनाया जाए ताकि कल्पना चावला को अपना आदर्श मानकर साईंस तकनीक में काम कर रहे युवाओं को नई दिशा और जज्बा मिल सके। अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने कहा कि सरकार को इस मामले में गंभीरता से विचार करना चाहिए।


## अंबेडकर फूल मार्किट व अम्बेडकर बस्ती को नियमित करने की मांग पर मेयर को सौंपा ज्ञापन




**हिसार।** नागोरी गेट के नजदीक अंबेडकर फूल मार्किट व गुजवि के सामने बसी अम्बेडकर बस्ती के लोगों ने मार्किट और बस्ती को नियमित करने के लिए नगर निगम द्वारा हाऊस की बैठक में प्रस्ताव पारित कर Chief Minister को भेजने की मांग की है. उन्होंने मेयर गौतम सरदाना को ज्ञापन भी सौंपा. प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व भीम आर्मी नेता अमित जाटव और हलका अध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया. अम्बेडकर बस्ती के मुकेश पीवाल उर्फ बिल्लू प्रधान ने कहा की उनकी बस्ती 59 साल पहले बसी थी तब 40 घर थे. आज वहां करीब 600 घरों की रिहायश है. इतने वर्षो के बाद भी निगम और सरकार ने उनकी दलित होने के कारण सुध नहीं ली हैं. बस्ती के लोगों को पीले पंजे का भय हर समय सताता हैं. वर्षो से इस बस्ती के लोग विधायकों और मंत्रियों के पास चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सिवाय आश्वासन के उन्हें कुछ नहीं मिला. अब उनकी मांग है कि इस बस्ती को नियमित करने का प्रस्ताव नगर निगम हाउस की बैठक में पारित किया जाए और Chief Minister को भेजा जाए, ताकि इस बस्ती को नियमित किया जा सकें. मुकेश उर्फ बिल्लू प्रधान ने कहा की उन्होंने पाई पाई जोड़कर घर बनाए हैं. प्रशासन का कोई भरोसा नहीं है कि कब वहां पीला पंजा चला दे.

## पंजाब पुलिस द्वारा हरविन्दर रिन्दा की हिमायत वाले आतंकवादी फंडिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश

**चंडीगढ़/ बटाला**–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के सपने अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए शुरु की मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित हरविन्दर सिंह रिन्दा की हिमायत वाले और परमिन्दर पिन्दी द्वारा चलाए जा रहे आतंकवादी फंडिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुये मॉड्यूल के पाँच गुर्गों को गरफ़्तार किया है। मॉड्यूल का स्थानीय हैंडलर परमिन्दर पिन्दी, गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैपी पासिया, जोकि कथित आतंकवादी हरविन्दर रिन्दा का करीबी बताया जाता है, के लगातार संपर्क में था। पुलिस के डायरैक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने काबू किये गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के बाबा बकाला के अमनप्रीत वालिया, अमृतसर के गाँव मुच्छल के रमनबीर सिंह उर्फ फ़ौजी, अमृतसर के गाँव बुल्लेनंगल के अरशप्रीत सिंह, अमृतसर के बल्ल सराए के हरमनप्रीत सिंह और



अमृतसर निवासी किरनदीप कौर के तौर पर की है। उन्होंने बताया कि शराब के ठेकेदारों से पैसे वसूलने के लिए ठेके पर हुई आगज़नी या गोलीबारी की कुछ घटनाओं के बाद ज़िला बटाला की पुलिस टीमों ने इस मामले की गहराई से जांच शुरू की और इन घटनाओं के पीछे रमनबीर सिंह उर्फ फ़ौजी समेत 11 मुलजिमों की शिनाख़्त की है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 दिनों तक चले इस आपरेशन में पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों से पाँच मुलजिमों को गिरफ़्तार करने में सफलता हासिल की है। इस सम्बन्धी और जानकारी देते हुए बटाला की एस. एस. पी. अश्वनी गोट्यिल ने बताया कि 27 सितम्बर को बटाला के शास्त्री नगर में एक शराब के ठेके को आग लगाने की कोशिश की घटना सामने आई थी और इससे दो दिन बाद बटाला में ही एक अन्य शराब के ठेके को आग लगाने की कोशिश की गई थी। जबकि 2 अक्तूबर को अमृतसर ग्रामीण में शराब के ठेके पर पाँच गोलियाँ चलाई गई थीं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि सभी मुलजिम स्थानीय हैंडलर परमिन्दर पिन्दी के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो शराब के ठेकेदारों से आतंकवादी फंडिंग के लिए धमकियां देकर फिरौती की माँग कर रहा था। उन्होंने बताया कि एक दोषी ने पैसों के लिए शराब के ठेके के बाहर गोलियाँ चला दीं। ज़िक्रयोग्य है इस सम्बन्ध में दो मामले जिनमें आई. पी. सी. की धारा 436, 427 और 120बी के अंतर्गत एफ. आई. आर नंबर 150 तारीख़ 27. 09. 2023 और तारीख़ 30. 09. 2023 एफ. आई. आर नंबर 112 आई. पी. सी. की धारा 307, 436, 427 और 34 और गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) एक्ट की धाराओं 17, 18 और 20 क्रमशः के अंतर्गत थाना सिटी बटाला और सदर बटाला में केस दर्ज किये गए हैं।

# 2 बच्चों की मां अब चीन में दिखाएगी अपना दमखम

## पैरा एशियन गेम्स में हुआ चयन

**पानीपत।** 2023 के एशियन गेम्स में देश के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहरया। अब 22 अक्टूबर से चीन में पैरा एशियन गेम्स होने जा रही है। पानीपत के सिवाह गांव की बहु सुमन पैरा एशियन गेम्स में अपना जौहर दिखाएंगी। एशियन पैरा गेम्स में सुमन का वेटलिफ्टिंग में चयन हुआ है। सुमन का पैरा एशियाई गेम में चयन होने के बाद परिवार और गांव में खुशी का माहौल है और बधाई देने आने वालों का घर पर तांता लगा हुआ है। परिवार को सुमन से पूरी उमीद है कि वो देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर ही वापस लौटेंगी। सुमन हरियाणा से पैरा एशियाई गेम्स में भाग लेने वाली इकलौती महिला खिलाड़ी हैं।

**वॉलीवाल छोड़कर चुना वेटलिफ्टिंग**

सुमन ने 2021 में ही वेट लिफ्टिंग की तैयारी करना शुरू किया था। लेकिन सुमन की महेनत और लगन की वजह से वह बहुत की कम समय में इस मुकाम पर पहुंच गई और एशियन गेम्स में उसका सेलेक्शन हुआ। आज दिल्ली से सुमन चीन के रवाना हुई है। 22 अक्टूबर



सुमन एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी।

**पति ने बढ़ाया हौसला**

सुमन ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि पति प्रदीप का साथ मिलने से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली। शुरुवात में वो वॉलीवाल गेम खेलती थी। करीब तीन साल तक उन्होंने वॉलीवाल का गेम खेला और गोल्ड मेडल के साथ कई मेडल भी जीते। एक दिन वह अपने पति प्रदीप के साथ वॉलीवाल कॉम्पिटिशन में गए थी, जब उनके पति ने उससे वेट उठवा कर देखा तो पहली बार में काफी सारा वेट उठा लिया। तभी प्रदीप को एहसास हुआ कि वह वेट लिफ्टिंग में नए आयाम स्थापित कर सकती है और बहुत आगे तक बढ़ सकती है।

सुमन के पति प्रदीप बताते हैं कि जब सुमन से वेट उठवाकर देखा तो पहली बार में ही उसने बड़ा वेट उठा लिया और उसे अंदाज़ा हो गया कि सुमन इस खेल में भी बेहतर कर सकती है। तो उसने सुमन को गांव के ही जिम में ट्रेनिंग करवाना शुरू कर दिया। लगातार बेहतर होता देख जिनके कोच को भी लगा कि आने वाला समय कुछ बेहतर होने वाला है तो सुमन की लगन के साथ वह भी उसका साथ देते चले गए। जिम में मात्र अकेली महिला सुमन ही प्रेक्टिस किया करती थी और आज हरियाणा से पैरा एशियाई गेम में हरियाणा को रिप्रेजेंट करने वाली भी वह अकेली महिला खिलाड़ी बनी हैं।

बता दें की सुमन ग्रहणी है और वह पैरों से दिव्यांग है। वह दो बच्चों की माँ है। सुमन शुरुआत में अपना सिलाई सेंटर भी चलती थी और दूसरी बच्चियों को भी सिलाई की ट्रेनिंग देती थी। इसी के साथ-साथ उन्होंने अपना खेलों में करियर चुना और अब अपनी मेहनत के बल पर इंटरनेशनल लेवल तक पहुंच गई है।

## कुवि मीडिया संस्थान करेगा प्रिंट ओलंपियाड की मेजबानी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान को प्रिंट ओलंपियाड-2024 के नॉर्थ जोन की मेजबानी मिली है। इस प्रिंट ओलंपियाड का आयोजन ऑफसेट प्रिंटर संगठन की तरफ से किया जा रहा है। इस ओलंपियाड में देशभर के सभी प्रिंटिंग शिक्षण संस्थान प्रतिभागी रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मीडिया संस्थान को बधाई दी और शुभकामनाएं देते हुए ऐसे और कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंट ओलंपियाड-2024 के अध्यक्ष प्रो. कमल चोपड़ा ने बताया कि पूरे देश को 4 जोन में बांटा गया है। नॉर्थ जोन इनमें से एक है, जहां पर आयोजन करने का दायित्व जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान को दिया गया है। चोपड़ा ने बताया कि प्रिंट ओलंपियाड-2024 के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 नवंबर तय की गई है।

## फूसगढ़ स्थित गौशाला में दुधारू व गर्भावस्था गायों की हुई चौथी खुली बोली

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर फूसगढ़ स्थित गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गायों को खरीदने की चौथी खुली बोली गुरूवार को करवाई गई। बोली में कुल 18 गाय, 1 लाख 71 हजार रुपये में बिकी। बोली प्रातः 11 बजे शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चली। यह जानकारी नगर निगम के उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी। उप निगमायुक्त ने बताया कि सबसे पहले बोली में भाग लेने वाले बोलीदाताओं को मौके पर गाय दिखाई गई। नगर निगम की ओर से गायों पर टैग नम्बर लगाए गए थे। उसके बाद बोलीदाताओं से 5 हजार रुपये बतौर सिक्योरिटी राशि जमा करवाए गए और उन्हें टोकन नम्बर दिए गए। इसके बाद सभी को नियम व शर्तें पढक़र सुनाई गई। शर्तो के अनुसार गायों का रिजर्व प्राईस 5 हजार रुपये रखा गया था। इसके बाद ब्रिकी के लिए तैयार गायों के पास खड़े होकर एक-एक कर इनकी बोली की गई। उन्होंने बताया कि बीत गई बोली व गुरूवार को हुई बोली को मिलाकर अब तक कुल 48 गाय, करीब 5 लाख 26 हजार रुपये में बिक गई हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में अभी भी करीब 35 दुधारू व गर्भावस्था की गाय मौजूद हैं। हालांकि इनकी देखरेख के लिए सभी इंतजाम मौजूद हैं। बीतो दिनों नगर निगम की ओर से इनकी ब्रिकी का कार्यक्रम बनाया गया था, जिनमें तीन तिथियां निर्धारित की गई थी। इनमें से एक बोली गुरूवार को हो चुकी है, जबकि आगामी बोली 16 नवंबर व 20 दिसंबर 2023 को गौशाला परिसर में की जाएगी। कोई भी व्यक्ति बोली में भाग लेकर अपनी पसंद की गाय खरीद सकता है। उन्होंने बताया कि जितनी गाय बिकती रहेंगी, उनकी जगह सडक़ पर भटकती गायों को पकडक़र गौशाला में रखा जा सकता है। बोली को लेकर तय किए गए नियमो की जानकारी देते उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकता है। इसके लिए 5 हजार रुपये की



प्रतिभूति राशि जमा करवानी होगी। रिजर्व प्राईस भी 5 हजार रुपये रखा गया है। एक सिक्योरिटी पर 2 गायों की बोली दे सकते हैं। बाकि के नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। लेकिन बोली के बाद गाय लेने से मना करने पर सिक्योरिटी राशि वापिस नहीं दी जाएगी।

गायों की बोली में यह रहे मौजूद- उन्होंने बताया कि गायों की बोली करवाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया था। बोली में वरिष्ठ लेखा अधिकारी बलविन्द्र सिंह जग्गी, सचिव बल सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, गौशाला के केयर टेकर रोशन लाल तथा संजीव राठी व अंकित मौजूद रहे।

## कृषि बुनियादी ढांचा फंड स्कीम के अंतर्गत सबसे अधिक आवेदन मंजूर करने वाला पहला राज्य बना पंजाब

**चंडीगढ़**–पंजाब ने किसानों के कल्याण के लिए स्थापित किए गए कृषि बुनियादी ढांचा फंड (एआईएफ) के अंतर्गत सफलता हासिल करते हुए सबसे अधिक आवेदन मंज़ूर करने के लिए पूरे देश में से पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विभाग की टीम को बधाई देते हुए बाग़बानी मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने अपने दफ़्तर में पूरी विभागीय टीम सहित कृषि क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों का सम्मान किया। स्कीम सम्बन्धी और जानकारी देते हुए स. जौड़ामाजरा ने बताया कि पंजाब में कृषि बुनियादी ढांचा फंड स्कीम में 6040 करोड़ रुपए के प्रोजेक्टों के लिए 11,831 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी कर्ज़ राशि 3430 करोड़ रुपए बनती है। उन्होंने बताया कि 6854 प्रोजेक्टों के लिए 2006 करोड़ रुपए मंज़ूर किए जा चुके हैं जबकि 463 करोड़ रुपए के प्रोजैक्ट वैरीफ़िकेशन प्रक्रिया अधीन हैं। बाग़बानी मंत्री ने बताया कि मंज़ूर किए गए 6854 प्रोजेक्टों के साथ पंजाब भारत में पहले नंबर पर है जबकि मध्य प्रदेश ने 6751 आवेदन के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश क्रमवार 4629 आवेदनों, 4569 आवेदनों और 2777 आवेदनों के साथ तीसरे, चौथे और पाँचवे स्थान पर हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अलॉट किए फंडों के प्रयोग में पंजाब 42.56 प्रतिशत फंडों का प्रयोग करके देश में तीसरे नंबर पर रहा। उन्होंने बताया कि पंजाब से इस स्कीम का लाभ लेने वाले अग्रणी ज़िलों में पटियाला, लुधियाना और संगरूर शामिल हैं। तीनों ज़िलों में पूरे राज्य से मंज़ूर कर्ज़े की रकम का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। मंत्री ने बताया कि 30 सितम्बर को समाप्त हुई दूसरी वित्तीय तिमाही तक कुल 1571 करोड़ रुपए बाँटे गए, जो 30 जून, 2023 को ख़त्म हुई पहली तिमाही के मुकाबले 96.67 प्रतिशत अधिक है। कैबिनेट मंत्री द्वारा इस स्कीम के क्रियान्वयन के लिए विभाग की टीम जिसमें नोडल अफ़सर सहायक डायरैक्टर डा. हरप्रीत सिंह, के.पी.एम.जी. (पी.एम.यू.) की टीम की तरफ से श्रीमती रवदीप कौर (टीम लीडर), युवराज सिंह औलख, मनी मित्तल और नित्या तिवारी (टीम मैंबर) को बढ़िया कारगुज़ारी के लिए सम्मानित किया गया। बता दें कि कृषि बुनियादी ढांचा विकास फंड स्कीम के अंतर्गत कृषि और बाग़बानी फसलों की कटाई के बाद प्रबंधन और प्राइमरी प्रोसेसिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए लाभार्थियों को 2 करोड़ रुपए तक के कर्ज़ों पर 3 प्रतिशत ब्याज सहायता दी जाती है। इसके इलावा कर्ज़ों की क्रेडिट गारंटी फीस का भुगतान भी सरकार द्वारा किया जाता है। ए.आई.एफ स्कीम को अन्य सभी केंद्रीय और राज्य योजनाओं के साथ जोड़ा जा सकता है।

**कैबिनेट मंत्री ने सम्मानित किये वैज्ञानिक**–इस दौरान कैबिनेट मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कृषि क्षेत्र में अहम अनुसंधान करने और किसानों के लिए लाभदायक स्कीमें बनाने वाले वैज्ञानिक डा. राकेश शारदा और डा. बी.वी.सी. महाजन को भी सम्मानित किया।

## सीईटी की परीक्षा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों के साथ की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक

**पानीपत।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के तत्वावधान में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 21 व 22 अक्टूबर को प्रदेश में आयोजित की जा रही सीईटी की परीक्षा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरूवार को प्रदेश के उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों व अन्य अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक कर परीक्षा को सफलतापूर्वक कराने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यार्थियों की चैकिंग व जैमर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। परीक्षा में अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर पूरी तरह से निगरानी करें। अभ्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर ले जाने की विशेष व्यवस्था करें। एनटीए की बजाय प्रशासन स्वयं जैमरो पर जिम्मेदारी पूर्वक ध्यान दे। मुख्यमंत्री ने जैमरों की क्वॉलीटी पर भी ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा की परीक्षा देने के लिए अन्य जिलों से आने वाले अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। हर केंद्र पर पूरी सुविधाएं होनी चाहिये।

वर्चुअल समीक्षा बैठक के बाद उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों के साथ बैठक




करते हुए कहा कि इस परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र की फोटो स्टेट की दुकानों को परीक्षा के समय बंद कराने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाये। उपायुक्त ने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों को सैक्टर 13-17 में पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने व अस्थाई शौचालय स्थापित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुछ स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जायेगी। बस स्टेंड के बाहर किन केंद्रों पर कौन सी बस जायेगी इसकी सूचि भी बसों पर लगाने के निर्देश दिये।

उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि सबसे ज्यादा जरूरी है अभ्यर्थियों के लिए साधनों की व्यवस्था करना। इसको लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों को बसों की सम्पूर्ण व्यवस्था करने के लिए कुछ बसें स्टेंडबाई रखने के भी निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन अभ्यर्थियों को केंद्र तक ले जाने की व्यवस्था पर पूरा ध्यान देगा। वापसी के लिए प्रशासनिक अधिकारी आटो की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों के लिए रेलवे स्टेशनों के बाहर स्कूली की बसों की व्यवस्था करने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिये।

उपायुक्त ने बताया कि कुछ अभ्यर्थी रात्रि के वक्त निर्धारित केंद्रों पर पहुंचने का प्रयास करेंगे उनके लिए प्रशासन रात्रि के वक्त खाने व ठहराव की व्यवस्था करेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए की जिन 50 प्रिंसीपलों की केंद्रों पर ड्यूटियां लगाई गई है वे बॉयोमैट्रिक का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत,अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी,एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह दहिया के अलावा अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एचएसजीपीसी के चुनावों के लिए पुरानी सदस्यता र्द्द अब नए सिरे से शुरू होगा सदस्यता अभियान-असंध

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमटी के चुनावों के लिए अब नए सिरे से वोट बनाने का काम शुरू होगा। वोटर कार्ड बनवाने के लिए अब नए सिरे से फार्म प्रकाशित हो रहे हैं। नए नियमों के अनुसार फार्म पर लिखा होगा कि फार्म भरने वाला केवल गुरुग्रंथ साहेब के साथ दसों गुरुओं को ही मानेगा। उसकी आस्था किसी डेरे गुरु या किसी महंत में नहीं होगी। इसके अलावा सिखी का पूरी तरह से पालन करेगा। सेवा पंथियों डेरा पंथियों निरंकारियों तथा नामधारी संप्रदाय के लोगों को वोट डालने का अध्किार नहीं होगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वार प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कदम श्री अकालतख्त के हुकुम के बाद उठाया गया हैं। नए फार्म सोमवार तक प्रकाशित होकर आ जाएंगे। अभी इसके लिए आखिरी तारीख तीस अक्तूबर रखी गई है। इसे एक माह और बढ़ाने के लिए सरकारसे अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट में याचिका दायर होने के बाद तथा श्री अकाल तख्त के हुकुम के बाद यह कदम उठाया गया हैं। उन्होंने सभी सिख समुदाय के लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग अपने वोट बनवाएं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग बीस लाख बोट हैं। अकेलने करनाल जिले में अढाई लाख बोटें हैं। उन्होंने बताया कि कमेटी तथा चुनाव आयोग के बीच समन्वय हैं। उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त के नो हुकुम नामे जारी किए हैं। उन्हें सख्ती से लागू करवाा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अनुसार श्रीगुरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 15 जनवरी को ही मनाया जाएगा। इसके अलावा गुरुओं के पर्व तथा अन्य दिहाड़े नानक शाही कलेंडर के अनुसार ही मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब आनंद कारज के अनुसा अब फेरे केवल गरुद्वारों में ही करवाए जाएंगे श्री गुरुग्रंथ साहेब का प्रकाश होटल या धर्मशालाओं या बरात घरों में नहीं किया जाएगा।

# एचएसजीपीसी के चुनावों के लिए पुरानी सदस्यता र्द्द अब नए सिरे से शुरू होगा सदस्यता अभियानः असंध

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमटी के चुनावों के लिए अब नए सिरे से वोट बनाने का काम शुरू होगा। वोटर कार्ड बनवाने के लिए अब नए सिरे से फार्म प्रकाशित हो रहे हैं। नए नियमों के अनुसार फार्म पर लिखा होगा कि फार्म भरने वाला केवल गुरुग्रंथ साहेब के साथ दसों गुरुओं को ही मानेगा। उसकी आस्था किसी डेरे गुरु या किसी महंत में नहीं होगी। इसके अलावा सिखी का पूरी तरह से पालन करेगा। सेवा पंथियों डेरा पंथियों निरंकारियों तथा नामधारी संप्रदाय के लोगों को वोट डालने का अध्किार नहीं होगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वार प्रबंधक कमेटी के कार्यवाहक प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कदम श्री अकालतख्त के हुकुम के



बाद उठाया गया हैं। नए फार्म सोमवार तक प्रकाशित होकर आ जाएंगे। अभी इसके लिए आखिरी तारीख तीस अक्तूबर रखी गई है। इसे एक माह और बढ़ाने के लिए सरकारसे अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट में याचिका दायर होने के बाद तथा श्री अकाल तख्त के हुकुम के बाद यह कदम उठाया गया हैं। उन्होंने सभी सिख समुदाय के लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग अपने वोट बनवाएं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग बीस लाख बोट हैं। अकेलने करनाल जिले में अढाई लाख बोटें हैं। उन्होंने बताया कि कमेटी तथा चुनाव आयोग के बीच समन्वय हैं। उन्होंने बताया कि श्री अकाल तख्त के नो हुकुम नामे जारी किए हैं। उन्हें सख्ती से लागू करवाा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अनुसार श्रीगुरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 15 जनवरी को ही मनाया जाएगा। इसके अलावा गुरुओं के पर्व तथा अन्य दिहाड़े नानक शाही कलेंडर के अनुसार ही मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब आनंद कारज के अनुसा अब फेरे केवल गरुद्वारों में ही करवाए जाएंगे श्री गुरुग्रंथ साहेब का प्रकाश होटल या धर्मशालाओं या बरात घरों में नहीं किया जाएगा। और ना ही भोग पड़ेगा उन्होंने बताया कि विवाह की रस्मे केवल गुरुद्वारों में ही की जाएंगी। उन्होंने बताया कि एचएसजीपीसी ने सरकार से नाढा साहेब गुरुद्वारे के पास लगती जमीन को कमेटी को आवंटित करने की मांग की हैं। जिससे वहां पर सराए और पार्किंग बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि मंजी साहेब गुरुद्वारे में भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने एक सवाल के जबाब में बताया कि कमेटी द्वारा सिखी के प्रचार प्रसार के लिए काम किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डेरा कार सेवा के प्रमुख तथा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह कमेटी के प्रवक्ता कंवलजीत सिंहअजराना, सदस्य परमिंदर सिंह तथा गुरुद्वारा डेरा कारसेवा प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने भी जानकारियां दीं।

# ऐसी 5 बीमारियां, जिनके कारण डिप्रेशन में आ जाती हैं महिलाएं

महिलाएं अक्सर जिन बीमारियों को चुपचाप सहन करती हैं, इनमें मेनरेजिया (असामान्य रूप से ज्यादा दिनों तक अत्यधिक रक्त स्राव वाला मासिक धर्म), गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन से उपजा माइग्रेन और गर्भाशय में ट्यूमर (फाइब्रॉएड) प्रमुख रूप से शामिल हैं। गर्भाशय के ट्यूमर युवतियों या महिलाओं को किसी भी उम्र में हो सकते हैं। गर्भाशय के ट्यूमर निकालने के लिए अनुष्का को पहले मायोमेक्टॉमी नामक सर्जरी की जरूरत थी और बाद में हिस्टेरेक्टॉमी जैसी सर्जरी की।

मायमेक्टॉमी एक ऐसी सर्जरी है, जिसमें गर्भाशय के ट्यूमर को ऑपरेशन के जरिए निकाला जाता है। हिस्टेरेक्टॉमी एक ऐसा ऑपरेशन है, जिसमें महिला के यूट्रस या गर्भाशय को निकाल दिया जाता है। इस कारण से उनमें भविष्य में मां बनने की संभावना खत्म हो जाती है।



## मेनरेजिया

लड़कियों या महिलाओं का जब मासिक धर्म सात या इससे ज्यादा दिन का होता है और जब अक्सर बहुत ज्यादा खून जाता है तो इस हालत को मेनरेजिया कहते हैं। स्त्रियों को मेनरेजिया रोग होने के कई कारण हैं, जिनमें एंडोमेट्रियोसिस, एडेनेमायोसिस और यूट्राइन फाएब्रॉइड शामिल हैं।

## एंडोमेट्रियोसिस

एंडोमेट्रियोसिस दर्दनाक विकार है, जिसमें सामान्य रूप से किसी स्त्री के गर्भाशय के अंदर की रेखाएं (एंडोमेट्रियम) गर्भाशय के बाहर बढ़ती है और वे गर्भाशय नलियों (फैलोपियन ट्यूब), अंडाशय (ओवरीज) और शरीर के अन्य अंगों पर विकसित होने लगती हैं। डॉक्टर अब तक यह नहीं जानते कि ऐसा क्यों होता है? भारत की 2.5 करोड़ महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। अंडाशय वह अंग है जहां पर औरत को मां बना सकने वाले अंडे बनते हैं। अंडे वह, जो स्पर्म (शुक्राणु) के साथ मिलकर बच्चा बना सकें।

## एडेनोमायोसिस

इसमें गर्भाशय की सबसे अंदर की रेखाएं (एंडोमेट्रियम) गर्भाशय की भीतरी दीवार (मायोमेट्रियम) के साथ मिल जाती हैं, जिस कारण से पीरियड्स ज्यादा लंबे और तकलीफदेह हो जाते हैं।

## यूट्राइन फाएब्रॉइड

गर्भाशय में पनपने वाले ट्यूमर को यूट्राइन फाएब्रॉइड कहते हैं। गर्भाशय फाएब्रॉइड, गर्भाशय में मांसपेशियों के ऊतकों से गैर-कैंसरजन्य वृद्धि है। कुछ महिलाओं के शरीर में गर्भाशय फाइब्रॉएड क्यों बनते हैं, इसका सटीक कारण मालूम नहीं है। हालांकि शोधकर्ताओं का कहना है कि शरीर में फाएब्रॉइड पनपने की वजह आनुवांशिक या हार्मोनल असंतुलन हो सकती है। डॉक्टर अक्सर मेनरेजिया और गर्भाशय फाएब्रॉइड दोनों को मैनेज करने के लिए जन्म रोकने वाली दवा-गोलियां देते हैं। इन गोलियों में मौजूद एस्ट्रोजन हार्मोन कुछ महिलाओं को तेज सरदर्द और माइग्रेन दे सकता है। अनुष्का शंकर को भी महीने में तीन से चार बार माइग्रेन होता था।

## फाएब्रॉइड और मायोमेक्टोमी

गर्भाशय में मौजूद ट्यूमर को निकालने के लिए जो सर्जिकल प्रोसिजर या ऑपरेशन किए जाते हैं, उन्हें मायोमेक्टॉमी कहते हैं। इस ऑपरेशन के दौरान गर्भाशय को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। अपने ट्वीट में, अनुष्का ने कहा कि 26 साल की उम्र में उनकी एक सफल मायोमेक्टोमी हुई थी। इस ऑपरेशन के बाद उसके दो बेटे पैदा हुए।

ऐसा बहुत कम है, जो हम फाएब्रॉइड के बारे में निश्चित तौर पर कह सकते हैं। पहली बात यो यह है कि शरीर में फाएब्रॉइड कहीं भी दिखाई दे सकते हैं। ये गर्भाशय की बाहरी सतह पर, इसकी दीवार के भीतर, या यह एक छोटे से तंतु के जरिए गर्भाशय की दीवार से जुड़ा होते हैं। फाइब्रॉइड धीरे-धीरे बढ़ सकते हैं या वे कई वर्षों तक छोटे रह सकते हैं और फिर अचानक बढ़ सकते हैं। फाएब्रॉइड की मौजूदगी के लक्षण भी अलग-अलग पेशेंट्स के लिए काफी अलग-अलग हो सकते हैं- बेहद तकलीफदेह पीरियड्स से लेकर रक्त की कमी वाली बीमारी एनीमिया, पीठ के निचले हिस्से में दर्द या तकलीफदेह संभोग जैसी भिन्नताएं देखी जा सकती हैं। हम ऐसी भिन्न स्थितियां बनने के कारणों के बारे में भी कुछ निश्चित कहने की स्थिति में नहीं हैं।

## हिस्टेरेक्टॉमी और डिप्रेशन

अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में अनुष्का ने लिखा कि हिस्टेरेक्टॉमी के विचार ने उन्हें शॉर्ट-टर्म डिप्रेशन यानी अल्पकालिक अवसाद की हालत में भेज दिया। इस खबर से मेरे मन में कई किस्म के डर थे। जैसे, अपने स्त्रीत्व को लेकर भय, भविष्य में और बच्चे पैदा करने की मेरी संभावित इच्छा, सर्जरी में मरने का डर, मेरे बच्चों को बिना मां के छोड़ने का भय, मेरी सेक्स लाइफ में बदलाव और असर का भय... और भी बहुत कुछ। शोध आधारित एक अनुमान के अनुसार, हिस्टेरेक्टॉमी के दौरान वैश्विक मृत्यु दर एक प्रतिशत है। आंत्र, मूत्राशय या मूत्रवाहिनी को नुकसान, रक्तस्राव, डिम्बग्रंथि विफलता और संक्रमण जैसी जटिलताओं की आशंका भी बनी रहती है। इस संबंध में प्रजनन संबंधी बीमारियों का सामना कर रही महिलाओं का उनके निदान के बारे में उदास महसूस करना आम है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में ही हिस्टेरेक्टोमी को लेकर ऐसी धारणा है। हमें यह समझना होगा कि यह एक चिकित्सा प्रक्रिया है, जो महिलाओं का जीवन बचा सकती है। महिलाओं पर निश्चित तरीके से रहने और एक निश्चित तरीके से चीजों को देखने के लिए बहुत दबाव है।

## रेसिपी



### शीर खुरमा

**सामग्री**

- सेंवई:100 ग्राम
- घी: 1 टेबलस्पून
- दूध: 3 लीटर
- शक्कर: 250 ग्राम
- पिसा हुआ चावल: 10-12 टेबलस्पून
- हरी इलायची के दाने पिसे हुए: 4-5
- 1 कप मिल्क पाउडर
- खारक रातभर पानी में भिगोकर रखे :100 ग्राम
- बादाम बारीक कटे हुए: 50 ग्राम
- किशमिश: 50 ग्राम
- पिस्ता: 50 ग्राम
- नारियल के बारीक कतले: 50 ग्राम
- केवड़ा: 1 टेबलस्पून

**विधि**

सबसे पहले इलायची पाउडर, चावल के पाउडर और शक्कर को थोड़े से दूध में घोलकर अलग रखे लें। इसके बाद धीमी आंच पर घी गर्म करके उसमें सेंवईयों को सुनहरा भूरा होने तक भूनें। सेंवईयों के भूरा होने पर उसे एक प्लेट में निकालकर अलग रख दें। अब एक बर्तन में दूध उबाल लें। उबलते दूध में इलायची पाउडर, शक्कर और पिसा हुआ चावल डालकर दूध को मध्यम आंच पर गाढ़ा होने तक उबालें हुए बीच-बीच में चलाते रहें। अब इसमें खारक, बादाम, किशमिश, पिस्ता, नारियल और सेंवई डाल दें। सेंवई के नर्म होने तक पकाएं। सेंवईयों के पकने पर उसे आंच से उताकर उसमें केवड़ा की कुछ बूंदे डालकर ड्रायफ्रूट्स से सजाकर मेहमानों को सर्व करें।



### बूंदी के लड्डू

**सामग्री**

- दरदरा पिसा हुआ बेसन: 3 कटोरी
- चीनी: 2 कटोरी
- इलायची पाउडर: 1 छोटा चम्मच
- केसर: 5-6 लच्छे
- मीठा पीला रंग: चुटकी भर
- दूध: पाव कप
- तलने के लिए देसी घी

**विधि**

बूंदी के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले बेसन को छानकर उसमें चुटकी भर मीठा पीला रंग मिला लें। अब इसमें पानी डालकर इसका घोल तैयार कर लें। अब एक बर्तन में पानी और चीनी डालकर उसकी एक तार की चाशनी तैयार कर लें। चाशनी में थोड़ा-सा पीला रंग और केसर हाथ से मसलकर डाल दें। थोड़ी देर बाद इसमें पिसी इलायची मिला दें। एक कड़ाही में घी गर्म करके छेद वाली स्टील की चलनी की सहायता से सारे घोल की धीरे-धीरे करके बूंदी बनाते जाएं। अब इस बूंदी को चाशनी में डाल दें। जब बूंदी पूरी तरह चाशनी पी लें, तब हाथ पर हल्का-सा घी या पानी लगाकर हल्के से दबाते हुए सभी बूंदी के लड्डू तैयार कर लें। घर पर तैयार किए गए इन खास लड्डूओं से भोग लगाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## काकुरो पहेली - 2980




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 2979 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

## फिल्म वर्ग पहेली- 2980



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 2979

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म्मी | द | | छ | लि | या | | मे | ला |
| त्स | | डॉ | न | | बा | ग | द | री | |
| व | च | न | | वा | स | ना | | जं | ग |
| | र | | सौ | दा | | | आ | ग | |
| आ | स | ग | | | पा | की | जा | | ग |
| ग | | जा | नू | | ल | | द | ग | र |
| ध | र्मा | | त | र | की | ब | | | म |
| ना | | जी | न | त | | ना | च | | म |
| | | ने | | न | ज | र | | प्या | सा |
| खा | न | दो | स्त | | | स | नी | | ला |

## सूडोकु -2980

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2979 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 2980



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली -2979 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |




# श्वेता तिवारी पर चढ़ा बोल्डनेस का रंग

श्वेता तिवारी के चाहने वाले आज देशभर में मौजूद हैं. फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों के साथ जुडने का एक मौका हाथ से नहीं जाने देतीं. श्वेता ने अपनी अदाकारी के दम पर तो हर किसी को दीवाना बनाया ही है, लेकिन आज लोग उनकी ग्लैमरस अदाओं पर भी फिदा रहते हैं. ऐसे में श्वेता का हर लुक तेजी से वायरल होने लगता है. अब फिर से एक्ट्रेस ने हुस्न की बिजलियां गिराई हैं.लेटेस्ट फोटोशूट के लिए श्वेता ने हैवी सीक्वेंस और फेदर वाली सिल्वर बॉडीकॉन ड्रेस कैरी की है. अपने इस लुक को स्मोकी मेकअप से कंप्लीट किया है.उन्होंने सटल बेस के साथ न्यूड लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स के साथ ओपन रखा हुआ है.श्वेता इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. उन्होंने अपनी अलग-अलग अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. उनकी इन अदाओं को देखकर अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 43 साल की हो चुकी है और दो बच्चों की मां हैं. श्वेता की 22 साल की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड में भी डेब्यू कर चुकी हैं.श्वेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय वह रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली हैं. इसके अलावा वह हम तुम और दैम वेब सीरीज में भी नजर आने वाली हैं.



# देशी स्टाइल में हिंदी रीति-रिवाजों के साथ फिर शादी करने जा रही ये टीवी अभिनेत्री

बिग बॉस सीजन 16 में नजर आईं टीवी अभिनेत्री श्रीजिता डे ने इस साल जुलाई के महीने में अपने विदेशी ब्वॉयफ्रेंड माइकल ब्लोहम-पेप से शादी की थी। इस कपल की शादी जर्मनी के एक चर्च में धूमधाम से हुई थी। लेकिन आपको जानकार हैरानी होगी कि श्रीजिता डे फिर से शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इस बार उनकी शादी देशी स्टाइल में हिंदी रीति-रिवाजों के साथ होगी। जिसकी जानकारी खुद श्रीजिता ने फैंस को दी। उन्होंने बताया कि वे दोनों इंडिया के कौन से शहर में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। श्रीजिता ने कहा, मेरे माता-पिता हमारे साथ मुंबई में ही त्यौहारी सीजन को सेलिब्रेट करने वाले हैं। माइकल के पेरेंट्स हमारी इंडियन वेडिंग के लिए जर्मनी से इंडिया आएंगे। पहले हमने सोचा था कि हम इस साल नवंबर में ट्रेडिशनल वेडिंग करे ले, लेकिन वर्क कमिटमेंट की वजह से हमें अपनी शादी की तारीख आगे बढ़ानी पड़ी। अब हम दोनों अगले साल की शुरुआत जनवरी या फिर फरवरी में गोवा में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। क्योंकि उसके बाद वहां का मौसम काफी गरम होता है। अपनी शादी के बारे में अन्य डिटेल्स शेयर कर श्रीजिता ने बताया कि वह माइकल के साथ बंगाली वेडिंग करने वाली हैं, जिसकी तैयारियां उन्होंने अभी से ही शुरू कर दी है। श्रीजिता ने कहा, हमारी जर्मनी वेडिंग के बाद हम दोनों थोड़ा रिलैक्स होना चाहते थे, लेकिन अब देसी शादी की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। अब हम बंगाली रीति-रिवाजों के साथ शादी करने वाले हैं, जिसमें हल्दी से लेकर मेहंदी और सभी फंक्शन होने हैं। अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए गोवा को चुनने पर श्रीजिता ने कहा, हम दोनों ही बीच लवर हैं। गोवा की हमारे दिलों में अपनी एक जगह है। हमने लॉकडाउन के दौरान आठ महीने वहीं पर बिताए हैं।



# अगले साल रिलीज होगी इमरजेंसी, कंगना रनौत ने किया ऐलान

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने घोषणा की है कि उनकी फिल्म इमरजेंसी अगले साल रिलीज होगी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसकी घोषणा की। कंगना ने लिखा, डियर फ्रेंड्स, मुझे एक जरूरी अनाउंसमेंट करनी है, इमरजेंसी एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है। इमरजेंसी मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक इंसान के रूप में मेरे मूल्य और चरित्र की परीक्षा है। हमारे टीजर और अन्य यूनिट्स से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को काफी उत्साहित किया है।मेरा दिल ग्रेटिट्यूड से भरा हुआ है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे इमरजेंसी की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, हमने इमरजेंसी रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 अनाउंस की थी, लेकिन मेरी बैक-टू-बैक रिलीज होने वाली फिल्मों के कैलेंडर में सभी बदलावों और 2024 के लास्ट क्वार्टर के ओवर पैक होने के कारण हमने इमरजेंसी को अगले साल (2024) में शिफ्ट करने का फैसला किया है। कंगना ने कहा कि जल्द ही नई रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, कृपया अपना साथ बनाए रखें। फिल्म के लिए आपकी प्रत्याशा, जिज्ञासा और उत्साह बहुत मायने रखता है, आपकी कंगना रनौत।इमरजेंसी कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और निर्मित एक जीवनी पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है।भारत के आपातकाल पर आधारित इस फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दौलत किरदार कभी भी रिटायर नहीं होगा:सिकंदर

बालीवुड एक्टर सिकंदर खेर ने कहा कि उनका आर्या सीजन 3 का किरदार दौलत कभी भी रिटायर नहीं होगा, भले ही स्टोरी की डिमांड क्यों न हो। फैंस क्राइम थ्रिलर ड्रामा आर्या सीजन 3 को लेकर एक्साइटेड है। सुष्मिता सेन इस सीरीज में आर्या सरीन का किरदार निभा रही हैं।

दौलत आर्या के साथ उसका मजबूत सहारा बनकर खड़ा है। उसने आर्या की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। वह आर्या का समर्थन करने के लिए मैदान में डटा हुआ है। आर्या के साथ अपने किरदार के संबंध के बारे में विस्तार से बताते हुए, सिकंदर ने कहा, दौलत रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच सकता क्योंकि जब तक आर्या है, दौलत भी रहेगा। मैं दौलत को सिकंदर के रूप में महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, कभी-कभी आप किसी के प्यार में इतनी गहराई तक डूब जाते हैं कि आपको कुछ समझ ही नहीं आता। आप यह भी नहीं जानते कि आप उस व्यक्ति से प्यार क्यों करते हैं।

मिलन टॉकीज फेम एक्टर ने कहा, हो सकता है कि वे आपसे प्यार न करें, लेकिन आपका प्यार बढ़ता रहता है। जिस तरह जानवर निस्वार्थ प्यार करते हैं, ठीक उसी तरह दौलत भी आर्या से प्यार करता है। वह जानता है कि वह कभी रिटायर नहीं होंगे; आर्या हो सकती है, लेकिन दौलत कभी नहीं। तीसरे सीजन में, आर्या की नज़र नशीली दवाओं की आपूर्ति और परिवहन पर है, लेकिन इला अरुण उसे रोक लेती है, जो खुद इस खेल निर्विवाद रानी है।



# छोटे भाई बॉबी से लेकर सिंघम 3 अजय देवगन ने दी सनी देओल को जन्मदिन की बधाई

हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार सनी देओल का 19 अक्टूबर को 66वां जन्मदिन मनाया गया है। गदर 2 सुपरस्टार के जन्मदिन के मौके पर तमाम सेलेब्स और फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर बर्थडे विश कर रहे हैं। ये लाजिमी भी है क्योंकि सनी सबके फेवरेट जो माने जाते हैं। इस बीच सनी देओल के छोटे भाई और बॉलीवुड कलाकार बॉबी देओल और सिंघम 3 अभिनेता अजय देवगन सहित कई फिल्मी हस्तियों ने सनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। हाल ही में गदर2 की सफलता के बाद फैंस के दिलों पर राज करने वाले सनी देओल के बर्थडे को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। सनी के जन्मदिन को लेकर एनिमल फिल्म कलाकार बॉबी देओल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन फोटो में सनी और बॉबी एक दूसरे के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों के कैप्शन में बॉबी देओल ने लिखा है- लव यू भइया, जन्मदिन मुबारक हो। इसके अलावा सिंघम अगेन अभिनेता अजय देवगन ने अपनी इंस्टा स्टोरी में सनी देओल की फोटो शेयर कर हैप्पी बर्थडे लिखा है। बॉबी और अजय देवगन के अलावा सनी देओल की फैमिली में से पिता धर्मेंद्र, बहन एशा देओल और बेटे करण-राजवीर ने उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दी हैं। इतना ही गदर 2 के डायरेक्टर ने अनिल शर्मा ने भी सनी देओल को हैप्पी बर्थडे बोला है। गदर 2 के ब्लॉकबस्टर साबित होने के बाद सनी देओल आने वाले समय में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनने वाली लाहौर 1947, बॉर्डर 2, डायरेक्टर नितेश तिवारी की रामायण और बाप ऑफ ऑल फिल्म्स का जैसी कई मूवीज के नाम शामिल हैं। फैंस को भी सनी देओल की इन अपकमिंग फिल्मों का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# मैरिटल रेप को सेक्स सीन कहने पर भडकी मेहरीन

वेब सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली में एक सीन है जहां मैरिटल रेप के बारे में दिखाया गया है। सीरीज में मैरिटल रेप को सेक्स सीन कहने पर एक्ट्रेस और मॉडल मेहरीन पीरजादा भडक गई और उन्होंने इसका गुस्सा मीडिया और सोशल मीडिया पर जमकर निकाला। उन्होंने ट्रोल की आलोचना की है। वेब सीरीज में संजना का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस ने ट्विटर पर लिखा, सुल्तान ऑफ दिल्ली में एक सीन था, जिसमें क्रूर मैरिटल रेप यानी वैवाहिक बलात्कार को दिखाया गया था। मुझे यह देखकर दुख होता है कि वैवाहिक बलात्कार जैसे गंभीर मुद्दे को मीडिया में कई लोगों ने इसे सेक्स सीन के रूप में लिखा। यह उस चीज़ को छोटा बनाता है, जो एक गंभीर मुद्दा है, जिससे दुनियाभर में कई महिलाएं वर्तमान में निपट रही हैं। पीरजादा ने लिखा, यह मुझे परेशान करता है कि मीडिया के एक निश्चित वर्ग और सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे उठाया है। इन लोगों को समझना चाहिए कि उनकी भी बहनें और बेटियां हैं और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें कभी भी इस तरह के आघात से जीवन में न गुजरना पड़े। महिलाओं के खिलाफ ऐसी क्रूरता और हिंसा का विचार ही घृणित है। पोस्ट के आखिर में मेहरीन ने लिखा, एक एक्टर के रूप में, भूमिका के साथ न्याय करना मेरा काम है और मिलन लुथरिया सर के नेतृत्व में दिल्ली के सुल्तान की टीम यह सुनिश्चित करने में बेहद पेशेवर थी कि हम अभिनेता के रूप में ऐसी किसी भी स्थिति में न हों या कुछ बहुत कठिन दृश्यों की शूटिंग के दौरान असहजता हो। मुझे उम्मीद है कि एक कलाकार के रूप में मैं अपने दर्शकों के लिए हर भूमिका में अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दूंगी। चाहे वह महालक्ष्मी, संजना या हनी हो। बता दें कि मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित वेब सीरीज में सुल्तान ऑफ दिल्ली से ओटीटी डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस और मॉडल मेहरीन पीरजादा इस वक्त खासी चर्चाओं में हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011